दैनिक
# देवव्रत
www.dainikdevvrat.in
Dainik DEVVRAT
आजमगढ़, उ.प्र.
वर्ष 35, अंक 160
पृष्ठ 8, मूल्य 3.00
06 मार्च 2026, शुक्रवार
लखनऊ, नई दिल्ली, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र (राबर्ट्सगंज, अनपरा, शक्तिनगर), सिंगरौली, मिर्जापुर, अयोध्या, गोरखपुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, अम्बेडकरनगर एवं आजमगढ़ से प्रसारित
E-mail : dainikdevvrat@gmail.com
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


## अमेरिका-ईरान युद्ध का छठा दिन : होर्मुज बंद, पश्चिम एशिया में तेल की सप्लाई बाधित

**नई दिल्ली, 05 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान पर किए जा रहे हमलों के छठे दिन युद्ध का दायरा अब मिडिल ईस्ट की सीमाओं को पार कर हिंद महासागर तक फैल चुका है। एक तरफ जहां ईरान के 33 नागरिक और सैन्य ठिकानों पर बड़े हमले हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक व्यापार और ऊर्जा सप्लाई पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। आइए, एक विस्तृत सवाल–जवाब के जरिए समझते हैं कि युद्ध के मौजूदा हालात, भू–राजनीतिक समीकरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसके क्या असर हो रहे हैं।

ईरानी स्टेट मीडिया के मुताबिक, हमलों के पांच दिनों में अब तक 1,045 लोगों की मौत हो चुकी है और 6,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने दावा किया है कि अमेरिका और इस्राइल ने 33 नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया है, जिनमें अस्पताल, स्कूल, तेहरान का प्रमुख आर्थिक केंद्र 'ग्रैंड बाज़ार' और ऐतिहासिक गोलस्तान पैलेस शामिल हैं। इस बीच, कुर्दिश–ईरानी सशस्त्र समूहों ने उत्तर–पश्चिमी ईरान में सरकार के खिलाफ जमीनी हमला भी शुरू कर दिया है।

ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई देश के अगले सर्वोच्च नेता के रूप में सबसे मजबूत दावेदार बनकर उभरे हैं, जिनके इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के साथ गहरे संबंध हैं। सैन्य मोर्चे पर, श्रीलंका के तट के पास हिंद महासागर में एक अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरान के युद्धपोत 'आइरिस डेना' को टारपीडो से डुबा दिया है, जिसमें 87 शव बरामद हुए हैं।

वैश्विक व्यापार के लिए हालात बेहद गंभीर हैं क्योंकि आईआरजीसी ने रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा कर दी है, इससे समुद्री व्यापार लगभग ठप हो गया है। वहीं, कूटनीतिक मोर्चे पर स्पेन ने अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों के इस्तेमाल की इजाजत नहीं दी है। इसके जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पेन के साथ सभी तरह का व्यापार बंद करने की कड़ी धमकी दी है। गोल्डमैन सैक्स की ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में पहले ही टैंकर यातायात में व्यवधान के संकेत मिलने लगे हैं। क्षेत्र में जहाजों को नुकसान पहुंचने की खबरों के बाद शिपिंग कंपनियां, तेल उत्पादक और बीमा कंपनियां अधिक सतर्क रुख अपना रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आम तौर पर करीब 2 करोड़ बैरल प्रतिदिन तेल आपूर्ति और वैश्विक एलएनजी व्यापार का लगभग 19 प्रतिशत हिस्सा इसी जलमार्ग से गुजरता है। यही कारण है कि इसे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति




एक रिपोर्ट के मुताबिक, रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते खतरे से तेल और गैस की वैश्विक सप्लाई प्रभावित हो सकती है, जिससे भारत सहित एशिया के बड़े आयातक देशों की चिंता बढ़ गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के कुल तेल व्यापार का लगभग एक–पांचवां हिस्सा और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की बड़ी मात्रा सामान्यतः इसी जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है। इसलिए यह मार्ग ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। गोल्डमैन सैक्स शृंखला के सबसे अहम चोकपॉइंट्स में से एक माना जाता है। रिसर्च नोट में कहा गया है कि बाजार पहले ही इस भू–राजनीतिक जोखिम को कीमतों में शामिल करना शुरू कर चुका है। वर्तमान में तेल बाजार में करीब 18 डॉलर प्रति बैरल का जोखिम प्रीमियम शामिल हो चुका है। यह उस संभावित मूल्य प्रभाव के बराबर है जो तब देखने को मिल सकता है, अगर होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल का प्रवाह लगभग एक महीने के लिए पूरी तरह रुक जाए, भले ही कुछ पाइपलाइन मार्गों के जरिए वैकल्पिक आपूर्ति उपलब्ध हो।

ईरान के जवाबी हमलों के कारण पूरे पश्चिम एशिया में तेल की आपूर्ति बुरी तरह बाधित हो रही है। कुवैत के मुबारक अल–कबीर के पास खड़े एक तेल टैंकर के करीब विस्फोट हुआ है। इसके अलावा, सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अमेरिकी दूतावास पर हुए ईरानी ड्रोन हमले की निंदा की गई है। बढ़ते खतरों को देखते हुए कतर अपने यहां अमेरिकी दूतावास के आसपास के निवासियों को निकाल रहा है। इस्राइयल सेना ने तेहरान में सैन्य बुनियादी ढांचे पर हमलों की नई लहर की घोषणा की है। अमेरिकी और पश्चिमी अधिकारियों का दावा है कि उन्होंने ईरान की सैन्य क्षमताओं के एक बड़े हिस्से को नष्ट कर दिया है। व्हाइट हाउस इस कार्रवाई का बचाव करते हुए कह रहा है कि उनका लक्ष्य ईरान के नौसेना और परमाणु अरमानों को खत्म करना है; राष्ट्रपति ट्रंप के अनुसार, अगर यह हमला नहीं होता तो ईरान दो सप्ताह के भीतर परमाणु हथियार हासिल कर लेता। हालांकि, एक पोल के अनुसार केवल 25 प्रतिशत अमेरिकी जनता इस युद्ध का समर्थन कर रही है।

यह युद्ध लेबनान तक पहुंच गया है, जहां इस्राइल बेरूत पर हमले कर रहा है और हिजबुल्लाह के साथ भारी गोलीबारी हो रही है। नाटो के वायु रक्षा सिस्टम ने एक ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल को तुर्की के हवाई क्षेत्र में मार गिराया है, जो कि खाड़ी से बाहर के देशों को लपेटने का एक प्रयास माना जा रहा है। उत्तरी इराक में कुर्दिश बल ईरान के खिलाफ ऑपरेशन के लिए श्स्टैंडबायश पर हैं, जबकि चीन ने अमेरिका और इस्राइल के इस सैन्य अभियान को तुरंत रोकने की मांग की है।

## यूएस-इसराइल ने युद्ध शुरू किया पर कब खत्म होगा यह तेहरान तय करेगा-ईरान

**नई दिल्ली, 05 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** ईरान ने कहा है कि भले ही युद्ध यूएस और इसराइल ने शुरू किया है, लेकिन इसको ख़त्म तेहरान करेगा। ईरान के भारत में राजदूत डॉ. मोहम्मद फतहअली ने गुरुवार को नई दिल्ली में एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इसराइल ने इस युद्ध की शुरुआत की है, लेकिन युद्ध की लंबाई और इसका अंत ईरान के हाथ में है। राजदूत ने साफ़ कहा, श्ईरान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन उन्होंने हमला शुरू किया। युद्ध की अवधि हमारे हाथ में है। राजदूत फतहअली ने बताया कि ईरान ने पड़ोसी देशों को पहले ही सूचना दे दी थी कि उसके हमले सिर्फ़ अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर हैं, न कि किसी पड़ोसी देश पर। उन्होंने कहा, हम अपने पड़ोसियों पर हमला नहीं करते। हमने सभी पड़ोसियों को बताया कि हम अमेरिका के ठिकानों पर हमला कर रहे हैं, क्योंकि वे ठिकानों से ही ईरान पर हमले कर रहे थे।



उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के ठिकानों से हमले में ईरान के स्कूलों को निशाना बनाया गया। एक स्कूल पर हमले में 160 छोटे बच्चे मारे गए। राजदूत ने कहा कि ईरान ने बार–बार शांति की बात की, लेकिन अमेरिका ने खुले तौर पर दुश्मनी दिखाई। ट्रंप ने दो दिन पहले ही ईरान के ख़िलाफ़ सैन्य अभियान को लंबा खिंचने का संकेत दिया है। उन्होंने कहा है कि पहले उनका आकलन था कि ईरान के ख़िलाफ़ अभियान 4–5 हफ़्ते तक चलेगा, लेकिन अमेरिका के पास इसे 4 हफ्ते से ज्यादा समय तक जारी रखने की पूरी क्षमता है। ट्रंप ने दावा किया कि ये ऑपरेशन पहले से तय समय से आगे चल रहा है और अमेरिका के लक्ष्य तेजी से पूरे हो रहे हैं। ट्रंप ने जोर देकर कहा कि ईरान जल्द ही ऐसी मिसाइलें बना लेता जो अमेरिका तक पहुंच सकती थीं। उन्होंने इसे असहनीय खतरा बताया और कहा, 'ईरान के पास परमाणु हथियार होना मध्य पूर्व और अमेरिका दोनों के लिए बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने बताया कि शनिवार से अब तक अमेरिका और इसराइल की तरफ से ईरान पर 1332 हमले हुए हैं। ये हमले 636 जगहों पर हुए, जिनमें कम से कम 105 नागरिकों वाली जगहें शामिल हैं। इनमें 14 अस्पताल और 7 रेड क्रिसेंट की इमारतें भी हैं। कुल 174 शहरों को निशाना बनाया गया है। रेड क्रिसेंट ने कहा कि कई घरों, स्कूलों और अस्पतालों को भारी नुकसान पहुंचा है। मौतों की संख्या बढ़ रही है, और हालात बहुत गंभीर हैं। इसराइल डिफेंस फोर्सेस ने कहा है कि दक्षिणी लेबनान से अब तक 3 लाख से ज्यादा लोग अपने गांव छोड़कर उत्तर की तरफ भाग चुके हैं। इसराइल ने हिजबुल्लाह के खिलाफ लड़ाई में लोगों को चेतावनी दी है कि वे लितानी नदी के उत्तर में चले जाएं। सेना के प्रवक्ता कर्नल अविचे अद्राई ने कहा, श्दक्षिणी लेबनान के लोगों को तुरंत उत्तर की ओर जाना चाहिए।

2024 में इसराइल और हिजबुल्लाह के बीच हुए संघर्ष में लगभग 12 लाख लेबनानी लोग बेघर हो गए थे। अब फिर से बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हो रहे हैं। इसराइल ने कई गांवों से लोगों को निकलने का आदेश दिया है, जिससे वहां बड़ा संकट पैदा हो गया है। यह युद्ध अब छठे दिन में प्रवेश कर चुका है। अमेरिका और इसराइल ईरान के सैन्य ठिकानों, मिसाइल साइटों और अन्य जगहों पर हमले कर रहे हैं। ईरान ने जवाब में इसराइल और खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। युद्ध अब लेबनान, खाड़ी देशों तक फैल गया है। तेल की क़ीमतें आसमान छू रही हैं, और दुनिया भर में चिंता बढ़ गई है कि यह युद्ध और बड़ा न हो जाए। संयुक्त राष्ट्र और कई देश युद्ध रोकने की अपील कर रहे हैं, लेकिन दोनों तरफ़ से हमले जारी हैं। ईरान का कहना है कि वह अपना बचाव करेगा और ज़रूरी क़दम उठाएगा। राजदूत फतहअली ने जोर देकर कहा कि युद्ध शुरू करने वाले अमेरिका–इसराइल हैं, लेकिन इसका अंत ईरान तय करेगा।

## ईरानी दूतावास पहुंचे विदेश सचिव विक्रम मिस्री खामेनेई की मौत पर जताई संवेदना

**नई दिल्ली, 05 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली स्थित ईरान के दूतावास पहुंचकर ईरान के मारे गए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के प्रति शोक व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने दूतावास में रखी शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर कर अपनी संवेदनाएं दर्ज कीं। विक्रम मिस्री ने खामेनेई के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए ईरान की सरकार और वहां के लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की। भारत ने इस कठिन समय में ईरान के साथ एकजुटता और सहानुभूति व्यक्त की है। इसके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ईरान के राजनयिक प्रतिनिधियों से मुलाकात कर भारत की ओर से शोक संदेश दर्ज कराया। उन्होंने खामेनेई के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईरान की सरकार और वहां के लोगों के प्रति सहानुभूति जताई। भारत लंबे समय से ईरान के साथ कूटनीतिक और आर्थिक संबंध बनाए हुए है। ऐसे में इस घटना के बाद भारत की प्रतिक्रिया को क्षेत्रीय कूटनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी क्षेत्र में शांति की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान केवल सैन्य टकराव से नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत संवाद और कूटनीति के रास्ते को ही स्थायी समाधान मानता है। उनका कहना है कि



पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय है और जल्द से जल्द संघर्ष समाप्त होना चाहिए।

भारत ने इस संकट के बीच संतुलित और सावधानी भरा रुख अपनाया है। भारत एक तरफ ईरान के साथ अपने पारंपरिक संबंध बनाए रखना चाहता है, वहीं दूसरी ओर वैश्विक शांति और स्थिरता की भी बात कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की यह नीति क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और अपने रणनीतिक हितों की रक्षा करने की दिशा में अहम है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत इस सप्ताह हुए एक हवाई हमले में हुई। इस हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव तेजी से बढ़ गया है। हमले के लिए अमेरिका और इस्राइल की सैन्य कार्रवाई को जिम्मेदार माना जा रहा है। इस घटना के बाद ईरान और उसके सहयोगी देशों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली है। कई देशों ने इस घटना पर चिंता और संवेदना भी व्यक्त की है।

## UNSC में भारत को स्थायी सीट के समर्थन में फिनलैंड

**नई दिल्ली, 05 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने की मांग एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर जोर पकड़ती दिख रही है। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने भारत को वैश्विक व्यवस्था का अहम देश बताते हुए कहा कि यूएनएससी में भारत की स्थायी सीट बेहद जरूरी है। साथ ही उन्होंने भारत की तारीफ करते हुए ये भी कहा कि दुनिया को थोड़ा और भारतीय होनी चाहिए। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में उन्होंने यह बात कही। इस दौरान दोनों नेताओं ने वैश्विक राजनीति, सुरक्षा चुनौतियों और भारत–फिनलैंड संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। राष्ट्रपति स्टब ने कहा कि दुनिया इस समय वैश्विक व्यवस्था के बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में ग्लोबल साउथ के देशों की भूमिका तेजी से बढ़ रही है और भारत इसमें केंद्रीय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार जरूरी है ताकि आज की भू–राजनीतिक वास्तविकताओं को सही तरीके से प्रतिबिंबित किया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं।

फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सीट बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दुनिया बदल रही है और वैश्विक संस्थाओं की संरचना भी बदलनी चाहिए। उनके मुताबिक ग्लोबल साउथ के देशों की बढ़ती भूमिका को देखते हुए भारत को यूएनएससी में जगह मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह रायसीना डायलॉग में अपने भाषण के दौरान भी बहुपक्षीय व्यवस्था में सुधार की जरूरत पर जोर देंगे। स्टब ने कहा कि भारत वैश्विक व्यवस्था को दिशा देने में अहम भूमिका निभा सकता है। संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया और यूरोप में जारी संघर्षों पर भी चर्चा की। राष्ट्रपति स्टब ने कहा कि यूक्रेन में रूस का युद्ध बहुत लंबे समय से चल रहा है और इसे खत्म करना सभी के हित में है। उन्होंने



कहा कि स्थायी शांति वही होगी जो संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों का सम्मान करे। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों का मानना है कि किसी भी समस्या का समाधान केवल सैन्य ताकत से नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि संवाद और कूटनीति के जरिए ही स्थायी समाधान संभव है।

राष्ट्रपति स्टब ने भारत की विदेश नीति और आर्थिक प्रगति की भी खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसकी प्रगति एक आर्थिक चमत्कार की तरह है। स्टब ने कहा कि भारत की विदेश नीति व्यावहारिक और यथार्थवादी है और दुनिया इससे सीख सकती है। उन्होंने कहा कि भारत ने रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए बहुपक्षीय सहयोग का समर्थन किया है। यही वजह है कि उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि दुनिया को थोड़ा और भारतीय बनना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति स्टब के व्यक्तिगत जीवन और खेल उपलब्धियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि स्टब ने आयरनमैन ट्रायथलॉन जैसी कठिन प्रतियोगिता पूरी की है। यह प्रतियोगिता दुनिया की सबसे कठिन एक दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं में मानी जाती है। इसमें तैराकी, साइकिलिंग और मैराथन दौड़ शामिल होती है। पीएम मोदी ने कहा कि जिस ऊर्जा और दृढ़ता के साथ स्टब ने यह चुनौती पूरी की है, उसी भावना से भारत और फिनलैंड मिलकर नवाचार, डिजिटल तकनीक और सतत विकास के क्षेत्र में नई साझेदारी बना सकते हैं।

दोनों नेताओं ने भारत और फिनलैंड के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता भी जताई। राष्ट्रपति स्टब ने कहा कि भारत यूरोप के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने के कारण भारत का महत्व लगातार बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा कि दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों और वैश्विक सहयोग में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड मिलकर व्यापार, तकनीक, सुरक्षा और नवाचार के क्षेत्रों में नई संभावनाएं तलाशेंगे।

## सीएम नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए दाखिल किया नामांकन

### बिहार का अगला सीएम कौन, सस्पेंस बरकरार

**पटना, 05 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही अब नीतीश की राजनीतिक पारी में एक और उपलब्धि जुड़ने जा रही है। वह अब अपने पांच दशक से ज्यादा लंबे चुनावी करियर में चौथे सदन के लिए दावेदार बन गए हैं। अब बिहार का नया मुख्यमंत्री कौन होगा? क्या 2020 से तैयारी में लगे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय आएंगे बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने? या, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की ओर से बहुत पहले घोषित सम्राट चौधरी उप मुख्यमंत्री की कुर्सी से उठकर सीएम की कुर्सी पर बैठेंगे? नाम तो महिला चेहरे के रूप में श्रेयसी सिंह का भी चल रहा। दूसरी तरफ, दबाव के नाम पर दिल्ली जा रहे नीतीश कुमार की जगह उनके बेटे निशांत कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाने का भी चक्र चल रहा है। लेकिन, इन सभी के बीच भाजपा के नेताओं को यह भी लग रहा है कि कोई चौंकाने वाला नाम अचानक सीएम के रूप में न सामने आ जाए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके नित्यानंद राय यादव समाज से आते हैं। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री हैं। बिहार चुनाव 2020 के समय इनका नाम तेजी से और लंबे समय तक चला था। बिहार की जातीय जनगणना में सर्वाधिक संख्या हिंदुओं के अंदर यादव जाति की दिखी थी। बिहार की राजनीति में एनडीए के सामने खड़ी होने वाली सबसे



बड़ी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल का कोर वोटर यादव ही है। लालू प्रसाद यादव को कमजोर करने के लिए रामकृपाल यादव को भाजपा ने इसलिए ही बुलाया था। ऐसे में नित्यानंद राय भाजपा के लिए सीएम के मजबूत दावेदार बताए जाते रहे हैं।दूसरे दलों से होकर भाजपा में आए सम्राट चौधरी बिहार प्रदेश अध्यक्ष रहे तो सामने नीतीश कुमार तब महागठबंधन के मुख्यमंत्री थे। सम्राट ने अपना मुरेठा उन्हें कुर्सी से हटाने तक बांधे रहने की बात कही थी। बाद में नीतीश वापस एनडीए में आए और सम्राट चौधरी उनके ही डिप्टी सीएम बन गए। उन्होंने मुरेठा त्याग दिया। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में सम्राट चौधरी भाजपा की कमान संभाले दिखे, लेकिन चूंकि अब तक का रिकॉर्ड किसी डिप्टी के सीएम बनने का नहीं रहा है और भाजपा ने अब तक उन्हें ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है। सम्राट चौधरी कुशवाहा समाज से आते हैं, जो जदयू के सामने भाजपा को मजबूत करने में काम आएगा– यह कहा गया था। भाजपा ने चुनावों में उसका असर देखा है। इसलिए, उनकी संभावना बनी हुई भी है और नहीं भी।

## अमेरिका-इस्राइल के हमले हमारे करीब, किसी ने भाजपा के होंठ सिल दिए या इनका कोई पत्ता दबा है-अखिलेश

**लखनऊ, 05 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** अखिलेश यादव ने गुरुवार को X अकाउंट से ट्ववीट किया। उन्होंने कहा, अमेरिकी–इस्राइल हमलों का हमारी सरहदों के करीब, हिंद महासागर तक पहुंचना देशवासियों के लिए चिंता का विषय है और इन अर्थों में बेहद चिंतनीय भी कि इस गंभीर विषय पर भाजपा सरकार ने अभूतपूर्व चुप्पी साध रखी है। स्पष्ट किया जाए कि इसे 'चुप्पी' माना जाए या किसी विशेष भय के कारण इसे 'घिग्घी बंधना' माना जाए। भाजपा सरकार की ऐसी क्या मजबूरी है कि उनके होंठ किसी ने सिल दिये हैं। जनता पूछ रही है कि आपका कौन सा पत्ता दबा है? एक अंतरराष्ट्रीय मुद्दा होने के नाते ये देश की सरकार, विदेश मंत्रालय डिफेंस मिनिस्टरी का संयुक्त दायित्व बनता है कि उसे अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए, परंतु कई दिनों की प्रतीक्षा के बाद भी सरकार द्वारा मुंह न खोलने पर,



इस वैश्विक मुद्दे पर विपक्ष को मजबूर होकर बोलना पड़ रहा है। इस संकटकाल में सरकार आगे आए और देश की जल, थल, वायु सीमाओं की रक्षा सुनिश्चित करे। जो भाजपा सरकार कुछ कह भी नहीं रही है; वो करेगी क्या, ये सोचकर देशवासी परेशान हैं। भाजपा ने जनता का विश्वास खो दिया है। ऐसा लग रहा है कि देश में सरकार नाम की कोई चीज ही नहीं है। भाजपा सरकार अपनी नाकामियों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए अस्पष्ट नीति अपनाने का तरीका ढूंढ रही है, जिससे लोग अटकलों में ही उलझे रहें। भाजपाई आगामी संसद सत्र में भी ऐसा कोई विवादास्पद विषय जरूर उठाएंगे, जिससे भाजपा सरकार की विफलताओं पर बात ही न हो सके। देश के लिए ये समय 'सरकार–शून्यता' का काल है।

## पांच मंजिला इमारत में लगी आग, पति–पत्नी की मौत, 15 घायल, 40 गाड़ियां जलकर खाक

**गाजियाबाद, 05 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** गाजियाबाद के खोड़ा क्षेत्र में स्थित एक पांच मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। इस दुखद दुर्घटना में एक पति–पत्नी की मौत हो गई है, जबकि 15 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों में से पांच लोगों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। यह आग 3 फरवरी की आधी रात को लगी थी, जिसका कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग की शुरुआत बेसमेंट में खड़ी एक दुपहिया वाहन में हुए शॉर्ट सर्किट से हुई। इस आग ने तेजी से बेसमेंट में मौजूद सभी वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी भीषण थीं कि उन्होंने पूरी पांच मंजिला इमारत को घेर लिया। इमारत में कुल 43 फ्लैट बने हुए हैं, जिनमें से कई प्रभावित हुए। आग की चपेट में 40 से अधिक दुपहिया वाहन आए और पूरी तरह जल गए। आग लगने के समय इमारत के भीतर 200 से अधिक लोग फंसे हुए थे। मृतक पति–पत्नी की मौत का कारण दम घुटना बताया गया है। यह भीषण आग 3 फरवरी की आधी रात को खोड़ा क्षेत्र की पांच मंजिला इमारत में लगी थी। आग लगने का मुख्य कारण बेसमेंट में खड़ी एक दुपहिया वाहन में हुआ शॉर्ट सर्किट बताया गया है। शुरुआती आग ने तुरंत ही बेसमेंट में मौजूद 40 से अधिक अन्य दुपहिया वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद आग की लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि उन्होंने पूरी इमारत को अपनी गिरफ्त में ले लिया। इस दुखद घटना में एक पति–पत्नी की दम घुटने से मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में शोक का माहौल है। कुल 15 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें से पांच की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। आग लगने के समय इमारत के भीतर 200 से अधिक लोग फंसे हुए थे, जिन्हें बाद में निकाला गया। पांच मंजिला इमारत में कुल 43 फ्लैट बने हुए हैं, जिनमें से कई आग से प्रभावित हुए हैं।



# टी-20 विश्व कप : न्यूजीलैंड ने रोका दक्षिण अफ्रीका का विजयी अभियान, कटाया फाइनल का टिकट

**कोलकाता, 05 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** गेंदबाजों के बाद टिम सीफर्ट और फिन एलेन की शानदार साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बना ली है। दक्षिण अफ्रीका ने मार्को यानसेन के दमदार प्रदर्शन से 20 ओवर में आठ विकेट पर 169 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड के लिए सीफर्ट और एलेन ने अर्धशतक लगाए जिससे टीम ने 12.5 ओवर में एक विकेट पर 173 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। यह दूसरी बार है जब कीवी टीम इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम ने 2021 में खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था, लेकिन टीम को हार का सामना करना पड़ा था। लक्ष्य का पीछा करते हुए टिम सीफर्ट और फिन एलेन ने न्यूजीलैंड को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी हुई। टी20 विश्व कप के नॉकआउट मैच में यह दूसरी सर्वोच्च शतकीय साझेदारी है। सीफर्ट और एलेन ने इस मामले में इंग्लैंड के क्रैग किएसवेटर और केविन पीटरसन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2010 में फाइनल मुकाबले में 111 रनों की साझेदारी की थी। इस मामले में सीफर्ट और एलेन से आगे जोस बटलर और एलेक्स हेल्स की जोड़ी है जिसने 2022 में भारत के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में 170' रनों की साझेदारी की थी। मौजूदा टूर्नामेंट में यह दूसरी बार है जब एलेन और सीफर्ट के बीच शतकीय साझेदारी हुई है।

एलेन और सीफर्ट ने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। सीफर्ट ने पहले 28 गेंदों पर पचासा पूरा किया। कगिसो रबादा ने टिम सीफर्ट को आउट कर न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया और इस साझेदारी का अंत किया। सीफर्ट 33 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 58 रन बनाकर आउट हुए। सीफर्ट के पवेलियन लौटने के बाद भी एलेन ने मोर्चा संभाले रखा। उन्होंने 19 गेंदों पर अर्धशतक लगाया। यह टी20 विश्व कप में किसी बल्लेबाज का सबसे तेज पचासा है। इसके बाद वह रुके ही नहीं और लगातार बड़े शॉट्स लगाते रहे।



एलेन ने यानसेन की गेंद पर चौके लगाकर टीम को जीत दिलाई और अपना शतक पूरा किया। एलेन ने महज 33 गेंदों पर सैकड़ा पूरा किया और टी20 विश्व कप का सबसे तेज शतक लगा दिया। इतना ही नहीं एलेन ने संयुक्त रूप से टी20 अंतरराष्ट्रीय में तीसरा सबसे तेज शतक लगाया। उनसे तेज शतक टी20 में तुर्किये के मोहम्मद फहाद (29 गेंद) और एस्टोनिया के साहिल चौहान (27 गेंद) ने लगाया है। एलेन 33 गेंदों पर 10 चौकों और आठ छक्कों की मदद से 100 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि रचिन रवींद्र ने 11 गेंदों पर दो चौकों की मदद से नाबाद 13 रन बनाए।

इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका का प्रदर्शन टी20 विश्व कप में दमदार चल रहा था। टीम ने ग्रुप चरण के बाद सुपर आठ में भी अपने सारे मुकाबले जीते थे। दक्षिण अफ्रीका ने खिताब की प्रबल दावेदार भारत को भी हराया था, लेकिन एक बार फिर बड़े मुकाबलों में टीम दबाव नहीं झेल सकी। न्यूजीलैंड ने आखिरकार दक्षिण अफ्रीका का विजयी अभियान रोका। दक्षिण अफ्रीका ने अब तक कभी टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम नहीं किया है और उसका इंतजार फिर बढ़ गया है। बल्लेबाजों के लिए कठिन पिच पर न्यूजीलैंड के आफ स्पिनर कोल मैकोंची और बाएं हाथ के स्पिनर रचिन रवींद्र ने कहर बरपाती हुई गेंदबाजी करके दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। पहले गेंदबाजी चुनने वाली न्यूजीलैंड टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने दूसरे ओवर में ऑफ स्पिनर मैकोंची को गेंद सौंपी जिन्होंने मैच में एक ही ओवर डाला लेकिन क्विंटन डिकॉक (10) और रेयान रिकेल्टन (0) को लगातार दो गेंदों पर आउट किया। डेवाल्ड ब्रेविस ने 27 गेंद में 34 रन बनाए लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके। उन्हें जेम्स नीशाम ने आउट किया। रचिन ने एडेन मार्करम (18) और डेविड मिलर (छह) को पवेलियन भेजा। ब्रेविस के आउट होने के समय न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 77 रन था।

दक्षिण अफ्रीका की लड़खड़ाती पारी को मार्को यानसेन ने संभाला। यानसेन ने 30 गेंदों पर 55 रनों की पारी खेली जिससे टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। यानसेन ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ 73 रन जोड़े। पारी के आगे बढ़ने के साथ ही ओस की भूमिका अहम हो गई और स्ट्रोक्स खेलना आसान लगने लगा। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर में शामिल यानसेन ने अपनी पारी में पांच छक्के लगाए और अधिकांश छक्के दर्शक दीर्घा की 15वीं पंक्ति के पार गए जिससे उनके दमखम और टाइमिंग का पता चलता है। उन्होंने 19वें ओवर में लॉकी फर्ग्यूसन को दो छक्के लगाए। दक्षिण अफ्रीका टीम ने आखिरी दो ओवर में विकेट गंवाए और टीम 170 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सकी।

## फिन एलेन ने जड़ा टी-20 विश्वकप इतिहास का सबसे तेज शतक

### सेमीफाइनल में तूफानी पारी से बनाया कीर्तिमान

**कोलकाता, 05 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से



हराकर न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मैच में कीवियों की जीत के हीरो रहे फिन एलेन और टिम सीफर्ट। दोनों की शतकीय साझेदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने 170 रनों का लक्ष्य महज 12.5 ओवर में हासिल कर लिया। इस दौरान फिन एलेन ने शानदार शतक जड़ा और नाबाद रहे। सलामी बल्लेबाज ने इसी के साथ कई कीर्तिमान स्थापित कर दिए।कोलकाता के ईडेन गार्डेन्स में खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज फिन एलेन ने महज 33 गेंदों में शतक जड़कर इतिहास रच दिया। वह टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम दर्ज था, जिन्होंने 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में 47 गेंदों में शतक जड़ा था। वहीं, एलेन टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक लगाने के मामले में अपने साथी ग्लेन फिलिप्स से आगे निकल गए, जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2020 में 46 गेंदों में सैकड़ा जड़ा था। टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा लगाया गया संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज शतक है। फिन एलेन, यान निकोल लॉफ्टी–ईटन और सिकंदर रजा के नाम 33 गेंदों में शतक जड़ने का रिकॉर्ड दर्ज है। वहीं, इस्टोनिया के साहिल चौहान 27 गेंदों में शतक पूरा कर इस मामले में शीर्ष पर हैं जबकि तुर्किये के मुहम्मद फरहाद 29 गेंदों में शतक जड़कर दूसरे पायदान पर हैं। फिल एलेन के नाम टी20 विश्व कप के नॉकआउट मुकाबले में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का भी रिकॉर्ड दर्ज हो गया। वह 100 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले 2009 में सेमीफाइनल मुकाबले में तिलकरत्ने दिलशान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 96 रनों की नाबाद पारी खेली थी। इसके अलावा एलेन टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के लिए शतक जड़ने वाले तीसरे बल्लेबाज भी बन गए। उनसे पहले ब्रैंडन मैकुलम (123 रन) और ग्लेन फिलिप्स (104 रन) ने शतक जड़े थे।

## बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 900 अंक चढ़ा, निफ्टी 24700 के पार



**नई दिल्ली, 05 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण हाल ही में हुई भारी गिरावट के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में आए उछाल के अनुरूप, बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को 1 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। रुपया अपने सबसे निचले स्तर से उबरते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 45 पैसे बढ़कर 91.60 पर बंद हुआ।

चार दिनों की लगातार गिरावट के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 899.71 अंक या 1.14 प्रतिशत बढ़कर 80,015.90 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, इसमें 1,187.64 अंक या 1.50 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 80,303.83 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 285.40 अंक या 1.17 प्रतिशत चढ़कर 24,765.90 पर बंद हुआ, जिससे लगातार तीन दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला समाप्त हो गया।

सेंसेक्स पैक से, अदानी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इंटरग्लोब एविएशन प्रमुख लाभ कमाने वालों में शामिल थे। टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईसीआई सीआई बैंक पिछड़ने वालों में शामिल थे। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 9.63 प्रतिशत की तीव्र उछाल के साथ फिर से ऊपर चढ़ गया। जापान का निक्केई 225, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक भी उच्च स्तर पर बंद हुए। यूरोप के बाजारों में कीमतों में तेजी देखी गई। अमेरिकी बाजार बुधवार को सकारात्मक स्तर पर बंद हुआ।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड में 1.84 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 82.90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 8,752.65 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 12,068.17 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बुधवार को सेंसेक्स 1,122.66 अंक या 1.40 प्रतिशत गिरकर 79,116.19 पर बंद हुआ, लगातार चौथे सत्र में गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी 385.20 अंक या 1.55 प्रतिशत गिरकर 24,480.50 पर बंद हुआ, लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई।

## दिग्गजों की मौजूदगी में एक-दूजे के हुए अर्जुन-सानिया

**मुंबई, 05 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंदोक शादी के बंधन में बंध चुके हैं। दोनों ने गुरुवार पांच मार्च को सात फेरे लिए। शादी के समारोह में खेल जगत और बॉलीवुड के कई सितारे मौजूद रहे। शादी के बाद अर्जुन और सानिया मीडिया के सामने आए और तस्वीरें भी खिंचवाईं। वहीं, इसके बाद पूरा तेंदुलकर परिवार भी मीडिया के सामने आया। सचिन और उनकी पत्नी अंजलि भी बेटे की शादी पर खुश नजर आईं। इसका वीडियो भी सामने आया है। वहीं, सारा तेंदुलकर भी गुलाबी साड़ी में खूब जंचीं। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह भी शादी में शामिल होने पहुंचे। उन्होंने पीछे घूमकर फैंस का अभिवादन भी स्वीकार किया। भारत के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना पत्नी प्रियंका के साथ शादी के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। रैना फिलहाल टी20 विश्वकप की कमेंट्री टीम का भी हिस्सा हैं। महेंद्र संह धोनी भी साक्षी के साथ शादी के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। दोनों साथ में बेहद क्यूट लग रहे थे। धोनी अब आईपीएल 2026 में सीएसके के लिए खेलते दिखेंगे। इरफान पठान भी पत्नी सफा बेग के साथ शादी के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। वहीं, पृथ्वी शॉ गर्लफ्रैंड आकृति अग्रवाल के साथ कार्यक्रम में दिखे। टी20 विश्वकप में नहीं खेल रहे श्रेयस अय्यर को भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उनके साथ क्रिकेटर अमान खान भी दिखे।



अमान इस सीजन सीएसके की टीम का हिस्सा होंगे। युवराज सिंह भी पत्नी हेजल कीच के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। दोनों साथ में बेहद क्यूट दिख रहे थे। 2024 टी20 विश्वकप में भारत की खिताबी जीत में टीम के कोच रहे राहुल द्रविड़ भी पत्नी विजेता के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। विजेता साड़ी में दिखीं, जबकि द्रविड़ शेरवानी में दिखे। अजिंक्य रहाणे भी पत्नी राधिका के साथ अर्जुन–सानिया की शादी के कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं, हरभजन सिंह पत्नी गीता के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। बॉलीवुड सेलेब्स में अभिषेक बच्चन पत्नी ऐश्वर्या राय के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। अमिताभ बच्चन भी पत्नी जया बच्चन के साथ शामिल हुए। मुकेश अंबानी और नीता अंबानी भी शामिल हुए। उनके साथ आकाश अंबानी और श्लोका मेहता भी पहुंचे। अंबानी परिवार ने साथ में तस्वीर भी खिंचवाई। शाहरुख खान भी पत्नी गौरी और बेटी सुहाना के साथ पहुंचे। अर्जुन और सानिया की सगाई अगस्त 2025 में हुई थी। सानिया चांदोक एक सफल उद्यमी हैं और मुंबई के प्रसिद्ध उद्योगपति रवि घई की पोती हैं। बताया जाता है कि वह लंबे समय से तेंदुलकर परिवार के करीबी दायरे का हिस्सा रही हैं। अर्जुन तेंदुलकर ने घरेलू क्रिकेट में अपनी अलग पहचान बनाई है। मुंबई से करियर की शुरुआत करने के बाद वह गोवा के लिए एक अहम गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में उभरे। लंबे कद के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज और निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाज के रूप में उन्होंने 2022 में रणजी ट्रॉफी डेब्यू पर शतक लगाकर सबको चौंका दिया था। इस तरह उन्होंने अपने पिता की तरह अपने पहले प्रथम श्रेणी मैच में शतक जड़ने का कारनामा दोहराया। आईपीएल में वह पहले मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे, लेकिन हाल ही में उन्हें लखनऊ सुपर जाएंट्स ने ट्रेड के जरिए अपनी टीम में शामिल किया है।

### अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)
शहर जौनपुर, जनपद जौनपुर
मु.नं. 1740/2024

**संदीप कुमार गुप्ता बनाम त्रिभुवन**

बनाम– त्रिभुवन उर्फ त्रिभुवननाथ गुप्ता पुत्र स्व. रामचन्दर 2. राहुल कुमार गुप्ता पुत्र स्व. विध्यवासिनी गुप्ता 3. ऋचा उपाध्याय पत्नी सौरभ कुमार उर्फ विक्की उपाध्याय 4. शारदा देवी पत्नी चन्द्रभान सिंह उर्फ डा. सी.बी. सिंह 5. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र लालता प्रसाद 6. मालती देवी पत्नी टोरमल साकिनान नईगंज परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर 7. सत्यप्रकाश पुत्र महेन्द्रनाथ मिश्रा 8. विनीता मिश्रा पत्नी सत्यप्रकाश मिश्रा साकिन कुवरदा परगना रारी तहसील सदर जनपद जौनपुर 9. डा. अभय प्रताप सिंह पुत्र रामपाल सिंह 10. डा. सुष्मिता सिंह पत्नी डा. अभय प्रताप सिंह मूलपता उदपुर हरिहरपुर परगना बयालसी तहसील केराकत जनपद जौनपुर 11. चमेला देवी पत्नी शोभनाथ साकिन नेवादा गोपालापुर तहसील मड़ियाहू जनपद जौनपुर 12. श्रीमती मधुरलता पत्नी स्व. सुशील कुमार साकिन उमरपुर हरिबन्धनपुर परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर 13. गिरिजा देवी पत्नी रमाशंकर दूबे साकिन देवरामपुर परगना करियातदोस्त जनपद जौनपुर सभी हालपता मोहल्ला नईगंज परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर 14. अश्वस्थामा कुमार त्रिपाठी पुत्र केदारनाथ त्रिपाठी 15. विनोद कुमार पुत्र केदारनाथ त्रिपाठी 16. नित्यानन्द कुमार पुत्र केदारनाथ त्रिपाठी साकिनान बेलवां तहसील मड़ियाहू जनपद जौनपुर 17. जड़ावती देवी पत्नी रामलवट उपाध्याय साकिन मूसेपुर परगना चादा जनपद सुल्तानपुर 18. वन्दना दूबे पत्नी विकाश दूबे साकिन सोनीपुर परगना बरसठी तहसील मड़ियाहू जनपद जौनपुर 19. श्रीमती खुशबू उपाध्याय पत्नी विशाल उपाध्याय 20. विनोदनी श्रीवास्तव पत्नी जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव साकिन बबुरा परगना रारी तहसील सदर जनपद जौनपुर 20. राजनाथ पुत्र रामहरख निवासी ग्राम अगरौरा परगना रारी तहसील सदर जनपद जौनपुर सभी हालपता मोहल्ला नईगंज परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर। –प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि

अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 03 के 23 दिवस 10 बजे प्रातः स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिस्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

23.03.2026 आपत्ति/निस्तारण

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20 के के दिवस को निकाली गयी। आज्ञा से–
सिविल जज (जूडि.) शहर जौनपुर, जनपद जौनपुर

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
बअदालत सिविल जज (जू.डि.)
शहर जौनपुर, जनपद जौनपुर
मु.नं. 1740/2024

**संदीप कुमार गुप्ता बनाम त्रिभुवन**

बनाम– त्रिभुवन उर्फ त्रिभुवननाथ गुप्ता पुत्र स्व. रामचन्दर 2. राहुल कुमार गुप्ता पुत्र स्व. विध्यवासिनी गुप्ता 3. ऋचा उपाध्याय पत्नी सौरभ कुमार उर्फ विक्की उपाध्याय 4. शारदा देवी पत्नी चन्द्रभान सिंह उर्फ डा. सी.बी. सिंह 5. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र लालता प्रसाद 6. मालती देवी पत्नी टोरमल साकिनान नईगंज परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर 7. सत्यप्रकाश पुत्र महेन्द्रनाथ मिश्रा 8. विनीता मिश्रा पत्नी सत्यप्रकाश मिश्रा साकिन कुवरदा परगना रारी तहसील सदर जनपद जौनपुर 9. डा. अभय प्रताप सिंह पुत्र रामपाल सिंह 10. डा. सुष्मिता सिंह पत्नी डा. अभय प्रताप सिंह मूलपता उदपुर हरिहरपुर परगना बयालसी तहसील केराकत जनपद जौनपुर 11. चमेला देवी पत्नी शोभनाथ साकिन नेवादा गोपालापुर तहसील मड़ियाहू जनपद जौनपुर 12. श्रीमती मधुरलता पत्नी स्व. सुशील कुमार साकिन उमरपुर हरिबन्धनपुर परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर 13. गिरिजा देवी पत्नी रमाशंकर दूबे साकिन देवरामपुर परगना करियातदोस्त जनपद जौनपुर सभी हालपता मोहल्ला नईगंज परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर 14. अश्वस्थामा कुमार त्रिपाठी पुत्र केदारनाथ त्रिपाठी 15. विनोद कुमार पुत्र केदारनाथ त्रिपाठी 16. नित्यानन्द कुमार पुत्र केदारनाथ त्रिपाठी साकिनान बेलवां तहसील मड़ियाहू जनपद जौनपुर 17. जड़ावती देवी पत्नी रामलवट उपाध्याय साकिन मूसेपुर परगना चादा जनपद सुल्तानपुर 18. वन्दना दूबे पत्नी विकाश दूबे साकिन सोनीपुर परगना बरसठी तहसील मड़ियाहू जनपद जौनपुर 19. श्रीमती खुशबू उपाध्याय पत्नी विशाल उपाध्याय 20. विनोदनी श्रीवास्तव पत्नी जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव साकिन बबुरा परगना रारी तहसील सदर जनपद जौनपुर 20. राजनाथ पुत्र रामहरख निवासी ग्राम अगरौरा परगना रारी तहसील सदर जनपद जौनपुर सभी हालपता मोहल्ला नईगंज परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर। –प्रतिवादीगण

हरगाह ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 23 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकई वाकिफ हो और कुल उमरान अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके, जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि इसी रोज जुमला दस्तावेज को पेश करे। आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर तारीख 23–03–2026 तनकीह पर हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मजमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया।

–आज्ञा से
सिविल जज (जू.डि.)
शहर जौनपुर, जनपद जौनपुर

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
बअदालत अपर सिविल जज (जू.डि.) न्यू कोर्ट द्वितीय जौनपुर, जनपद जौनपुर
मु.नं. 920/2024

**राजेश बनाम उमा**

बनाम– 5. बहादुर उम्र करीब 65 साल 6. अशोक उम्र करीब 60 वर्ष पुत्रगण लालता 7. पप्पू उम्र करीब 28 वर्ष पुत्र स्व. विक्रम 8. मुकेश उम्र करीब 26 वर्ष 9. रामराज उम्र करीब 22 वर्ष 10. लक्ष्मण उम्र करीब 22 वर्ष 11. राकेश उम्र करीब 28 वर्ष पुत्रगण स्व. विजय बहादुर 12. श्यामराज उम्र करीब 69 वर्ष पुत्र रमई साकिनान ग्राम बीरीबारी परगना व तहसील केराकत जिला जौनपुर। –प्रतिवादीगण

हरगाह ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 09 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकई वाकिफ हो और कुल उमरान अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके, जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि इसी रोज जुमला दस्तावेज को पेश करे। आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर तारीख 09–03–2026 तनकीह पर हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मजमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया।

–आज्ञा से
अपर सिविल जज (जू.डि.) न्यू कोर्ट द्वितीय जौनपुर, जनपद जौनपुर

### अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)
शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर
प्रकीर्णवाद सं. 197/2025

**पंचम मौर्य बनाम प्रेमसागर**

बनाम– प्रेमसागर उम्र करीब 50 साल 2. अमरेज उम्र करीब 32 साल पुत्रगण दयाराम 3. हीरामनी उम्र करीब 40 साल बेवा संजय यादव 4. बुद्धु उम्र करीब 60 साल पुत्र दुलार यादव साकिनान गौसपुर पोस्ट सराय मोहिउद्दीनपुर परगना अंगुली तहसील शाहगंज जनपद जौनपुर। –प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि

अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 03 के 23 दिवस 10 बजे प्रातः स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिस्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

23.03.2026 आपत्ति/निस्तारण

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20 के के दिवस को निकाली गयी। आज्ञा से–
सिविल जज (जूडि.) शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर

### अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)
शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर
प्रकीर्णवाद सं. 187/2024

**वंशलोचन बनाम रामलोचन**

बनाम– रामलोचन उम्र करीब 68 साल 2. बाबूराम उम्र करीब 63 साल 3. पन्नालाल उम्र करीब 60 साल 4. सुबाष चन्द्र उम्र करीब 57 साल पुत्रगण मोतीलाल 5. विजयबहादुर उम्र करीब 54 साल 6. समरबहादुर उम्र करीब 53 साल पुत्रगण मूंगा साकिनान रामपुर सोइरी कन्हईपुर परगना बयालसी तहसील केराकत जनपद जौनपुर। –प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि

अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 03 के 23 दिवस 10 बजे प्रातः स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिस्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

23.03.2026 आपत्ति/निस्तारण

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20 के के दिवस को निकाली गयी। आज्ञा से–
सिविल जज (जूडि.) शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर

### अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)
शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर
मु.नं. 568/2025

**मुन्ना बनाम मुन्नी**

बनाम– मुन्नी यादव उम्र करीब 44 साल पुत्र शिवजार यादव 2. अवधेश यादव उम्र करीब 34 पुत्र छोटेलाल यादव 3. रामचन्दर उम्र करीब 60 साल पुत्र किशोर साकिनान समोगर सरौनी पूरब पट्टी परगना केराकत तहसील केराकत जनपद जौनपुर। –प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि

अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 03 के 12 दिवस 10 बजे प्रातः स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिस्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

12.03.2026 आपत्ति/निस्तारण

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20 के के दिवस को निकाली गयी। आज्ञा से–
सिविल जज (जूडि.) शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर

### अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)
शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर
प्रकीर्णवाद सं. 173/2023

**शारदा देवी बनाम श्यामनारायन**

बनाम– श्याम नारायण उम्र करीब 67 साल पुत्र मोतीलाल 2. ओमप्रकाश उम्र करीब 50 साल 3. उमेश उम्र करीब 37 साल 4. रमेश चन्द्र उम्र करीब 27 साल पुत्रगण स्व. रामजतन साकिनान पनौली परगना अंगुली तहसील शाहगंज जनपद जौनपुर। –प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि

अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 03 के 23 दिवस 10 बजे प्रातः स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिस्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

23.03.2026 आपत्ति/निस्तारण

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20 के के दिवस को निकाली गयी। आज्ञा से–
सिविल जज (जूडि.) शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर

### अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अपर जिलाधिकारी
(वित्त व राजस्व), आजमगढ़
मु.नं. डी 20171560775
धारा 30 उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा जमीन हरखोरी

**पतिराज बनाम सरकार**

बनाम– अरविन्द पुत्र शिवनाथ, इन्द्रावती पत्नी शिवनाथ, रामभवन पुत्र मुखराम, हरेन्द्र पुत्र शोभा, रामनाथ, रामउजागिर पुत्रगण राजभान, सन्तोष पुत्र हरिनाथ, लालमती देवी पत्नी हरिनाथ, जयप्रकाश, अभिमन्यु पुत्रगण शिवपूजन, रामसागर, सुखसागर, प्रेमसागर, लालबहादुर पुत्रगण मैनेजर, गोपाल, नन्दलाल पुत्रगण वंशी, दुर्गावती पत्नी वंशी, धानू उपनाम रामवृक्ष पुत्र बनवारी साकिनान जमीन हरखोरी परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 07 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 28 माह 02 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

**संस्थापक :**
स्मृतिशेष श्री ठाकुर प्रसाद यादव

**सम्पादक :**
**श्री विजय कुमार यादव**

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्री विजय कुमार यादव के लिए स्वाभिमान प्रकाशन, शहीद द्वार (सिविल लाईन) आजमगढ़ से मुद्रित कराकर 'देवव्रत' हिन्दी दैनिक कार्यालय, 31 शहीद द्वार आजमगढ़–276001 से प्रकाशित।
पो.रजि.नं. : आ./एन.पी.–92
टेली फैक्स : 05462–297576
मोबाइल : 9415370246
RNI NO. 56765/92

# देश की विदेश नीति को बर्बाद कर रहें, मोदी सरकार की चुप्पी पर भड़के खरगे



नई दिल्ली , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। इजरायल और अमेरिका द्वारा मिलकर ईरान पर किए गए हमले ने वैश्विक राजनीति के साथ-साथ भारत की घरेलू राजनीति को भी तेज कर दिया है। ईरानी जहाज को हिंद महासागर में अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा डुबोए जाने पर भारत सरकार की चुप्पी को लेकर विपक्ष ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हिंद महासागर में हुई इस घटना पर पीएम नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की चुप्पी से साफ है कि देश के रणनीतिक और राष्ट्रीय हितों की घोर उपेक्षा की जा रही है। यह न सिर्फ भारत के राष्ट्रीय सिद्धांतों का अपमान है, बल्कि हमारी उस विदेश नीति का भी अपमान है, जिसे तमाम सरकारों ने बड़ी मेहनत से बनाया और अपनाया है।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखे एक पोस्ट में खरगे ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ₹ईरान का जो जहाज टारपीडो की चपेट में आने से डूबा है यह जहाज बिना सैन्य साजो सामान के था और भारत में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू 2026 से लौट रहा था। ईरानी नौसेना का जहाज ईरिस डेना भारत का आमंत्रित अतिथि था और यह विशाखापत्तनम में 15 से 26 फरवरी तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू 2026 में शामिल हुआ था। इस आयोजन में 70 से ज्यादा देशों की नौसेनाएं शामिल हुई थीं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि इस अतिथि के डूबने पर भारत की तरफ से कोई चिंता या संवेदना व्यक्त नहीं की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर चुप हैं। पीएम मोदी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि जब आप अपने ही आंगन में हो रही घटनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकते हैं तो हमें महासागर सिद्धांतों और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के 'नेट सिक्योरिटी प्रोवाइडर' होने के सिद्धांतों पर उपदेश क्यों दे रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने इस युद्ध की वजह से होर्मुज की खाड़ी में फंसे भारतीयों को लेकर भी अपनी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि होर्मुज की खाड़ी में 38 भारतीय ध्वज वाले जहाज और 1100 नाविक फंसे हुए हैं। कैप्टन आशीष कुमार समेत दो भारतीय नाविकों की कथित तौर पर मौत हो गई है। समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है? पीएम मोदी कहते हैं कि कच्चे तेल और अन्य तेल का भंडार केवल 25 दिनों के लिए बचा है। तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, हमारी ऊर्जा संबंधी इमरजेंसी योजना क्या है, खासकर भारत सरकार द्वारा रूसी तेल का आयात रोकने की मांग को लगभग स्वीकार करने के बाद। खाड़ी देशों के साथ अन्य प्रमुख वस्तुओं के व्यापार का क्या होगा कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाए, और कहा कि विदेश मंत्रालय के 3 मार्च के बयान के अनुसार, ₹कुछ भारतीय नागरिकों की जान चली गई है या वे लापता हैं₹। खाड़ी देशों में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। मेडिकल छात्र मदद की गुहार लगाते हुए हताश वीडियो संदेश जारी कर रहे हैं। भारत सरकार उनकी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित कर रही है?

## भारतीय बेस से ईरान पर हमला करने का दावा पूरी तरह से गलत-भारत

नई दिल्ली , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। ईरान और इजरायल-अमेरिका के टकराव के बीच कई तरह के दावे सामने आ रहे हैं। अमेरिका के एक पूर्व कर्नल ने दावा किया कि अमेरिका के सारे ठिकाने ईरानी हमले में तबाह हो चुके हैं। अब ईरान पर नए हमले के लिए अमेरिका को भारत के बेस की मदद लेनी पड़ रही है। हालांकि, भारत सरकार ने इन खबरों का खंडन किया है। पूर्व अमेरिकी कर्नल डगलस मैकग्रेगर ने वन अमेरिका न्यूज नेटवर्क को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि मध्य पूर्व में अमेरिकी बेस तबाह होने के कारण अमेरिका अब भारतीय बंदरगाहों पर निर्भर है। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इन दावों को खारिज करते हुए कहा, ₹डअठ पर किए जा रहे दावे पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत हैं। हम ऐसी भ्रामक टिप्पणियों के खिलाफ चेतावनी देते हैं।₹ भारत ने इस संघर्ष पर अपनी आधिकारिक स्थिति स्पष्ट करते हुए गहरी चिंता व्यक्त की है। भारत ने सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव कम करने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। भारत ऐतिहासिक रूप से अपनी धरती पर विदेशी सैन्य अड्डों की अनुमति न देने की नीति पर कायम है।

# सत्ता में बैठे लोगों की चिंता न करें, सही फैसले लें-सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। सुप्रीम कोर्ट जज बीवी नागरत्ना ने न्यायाधीशों को अपने फैसले पर अड़े रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि किसी भी दबाव में सही फैसला लेने से संकोच नहीं करना चाहिए। वह केरल उच्च न्यायालय में आयोजित दूसरे टीएस कृष्णमूर्ति अय्यर मेमोरियल लेक्चर में बोल रहीं थीं। इससे पहले उन्होंने मीडिया को लेकर भी ऐसी ही बात कही थी। उन्होंने कहा था कि किसी भी तरह की बाधा, भय या प्रभाव में मीडिया अपनी भूमिका नहीं निभा सकता है। मंगलवार को जस्टिस नागरत्ना ने कहा, 'जजों को सही फैसला लेने से संकोच नहीं करना चाहिए। फिर चाहे इसकी वजह से उनकी उन्नति ही क्यों न रुक जाए या सत्ता में बैठे लोग नाराज हो जाएं।' उन्होंने कहा, 'एक जज को राजनीतिक दबाव, संस्थागत धमकी या पॉपुलर डिमांड से मुक्त ही रहना चाहिए।' शुक्रवार को जस्टिस नागरत्ना आईपीआईई इंडिया अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन जर्नलिज्म 2025 के सम्मान समारोह में पहुंचीं थीं। उन्होंने कहा था कि प्रेस पर कब्जा करने के हालिया प्रयासों के पीछे न केवल आर्थिक आधार हैं बल्कि राजनीतिक पहलू भी शामिल हैं। खास बात है कि जस्टिस नागरत्ना सितंबर 2027 में भारत की पहली महिला प्रधान न्यायाधीश बनेंगी। जस्टिस नागरत्ना ने शुक्रवार को साफ तौर पर कहा कि मीडिया अपना काम ठीक से तभी कर सकता है जब वह किसी भी तरह के डर या दबाव से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि आज के दौर में प्रेस की आादी को सबसे बड़ा खतरा सीधे तौर पर लगने वाली पाबंदियों (सेंसरशिप) से नहीं है। बल्कि, असली खतरा आर्थिक नीतियों, लाइसेंस देने के कड़े नियमों और मीडिया कंपनियों के मालिकाना हक से जुड़ा है। उन्होंने कहा, 'एक मीडिया प्रतिष्ठान कानूनी रूप से सरकार की आलोचना करने के लिए स्वतंत्र हो सकता है, फिर भी आर्थिक रूप से इस तरह से मजबूर हो सकता है कि ऐसी आलोचना महंगी पड़ जाए।'

सर्वोच्च न्यायालय में इस समय एकमात्र महिला न्यायाधीश ने कहा कि भारत में प्रेस की स्वतंत्रता की दिलचस्प संवैधानिक स्थिति है। उन्होंने कहा कि यह अधिकार अनुच्छेद 19(1)(ए) - भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अनुच्छेद 19(1)(जी) - किसी भी पेशे से जुड़ने या किसी भी व्यवसाय, व्यापार या कारोबार को चलाने की स्वतंत्रता के बीच परस्पर क्रिया से उभरता है।

## भाजपा के पास 6900 करोड़, कांग्रेस के खाते में महज 53 करोड़

नई दिल्ली , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। दिल्ली में इस साल हुए विधानसभा चुनावों के बाद चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों द्वारा सौंपे गए वित्तीय खुलासों में देश की प्रमुख पार्टियों की आर्थिक स्थिति का बड़ा अंतर सामने आया है। इन खुलासों के मुताबिक, केंद्र और अब दिल्ली की सत्ता में काबिज भारतीय जनता पार्टी (इखढ) के पास 6,900 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक जमा राशि है। वहीं उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी और देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के पास पार्टी मुख्यालय से लेकर राज्य और जिला इकाइयों को मिलाकर मात्र 53 करोड़ रुपये की राशि है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, दिलचस्प तथ्य यह है कि सीमित चुनावी उपस्थिति के बावजूद बहुजन समाज पार्टी (इरढ) के खातों में 580 करोड़ रुपये से अधिक की जमा राशि दर्ज की गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि चुनावी प्रदर्शन और पार्टी की वित्तीय स्थिति के बीच सीधा संबंध हमेशा नहीं होता।

ये आंकड़े भारत निर्वाचन आयोग को दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद विभिन्न दलों द्वारा दिए गए बैंक बैलेंस विवरण पर आधारित हैं। इस बीच, 24 अक्टूबर को चुनाव आयोग में दाखिल योगदान विवरण (कंट्रीब्यूशन स्टेटमेंट) में कांग्रेस ने बताया कि उसे वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 517 करोड़ रुपये का चंदा प्राप्त हुआ है। यह वह राशि है जो 20,000 रुपये से अधिक के व्यक्तिगत दान के रूप में मिली और जिसे कानून के तहत सार्वजनिक रूप से घोषित करना अनिवार्य है। नियमों के अनुसार, राजनीतिक दल 20,000 रुपये से कम के दान देने वालों का विवरण सार्वजनिक नहीं करते, जबकि कुल संग्रह का एक बड़ा हिस्सा इन्हीं छोटे-छोटे दानों से आता है।

## निशांत कुमार को सीएम बनाएं, वरना भाजपा बिहार को चरागाह बना लेगी-पप्पू यादव

पटना, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने राज्यसभा जाने की पुष्टि कर दी है। इससे होली के दिन से ही लग रहे कयासों पर विराम लग गया है और अब स्पष्ट है कि वह सीएम पद छोड़ देंगे। अब कहा जा रहा है कि सीएम का पद भाजपा के खाते में जाएगा और नीतीश कुमार के बेटे निशांत डिप्टी सीएम बनेंगे। वहीं विपक्षी नेता पप्पू यादव ने एनडीए के सभी गैर-भाजपा दलों से अपील की है कि निशांत कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाया जाए। पूर्णिया के सांसद ने इस संबंध में फेसबुक पर लिखा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के हटने पर बिहार भाजपा के लिए चरागाह बन सकता है और ऐसा होने से रोकना चाहिए। पप्पू यादव ने लिखा, 'मांझी जी,चिराग जी,लालू जी,उपेंद्र जी बिहार को इखढ का चरागाह न बनने दें। एकमत से निशांत जी को बिना शर्त समर्थन देकर बिहार का मुख्यमंत्री बना दें।

# भारत के मेहमान पर बगैर चेतावनी हमला, पछताएगा अमेरिका, अटैक से भड़का ईरान



तेहरान, 05 मार्च (एजेंसी/देवव्रत संवाद)। अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में अमेरिका का हमला और उसमें ईरानी पोत को तबाही जारी युद्ध को और विध्वंसक बना सकती है। ईरान की तरफ से इस हमले को अत्याचार करार दिया गया है। साथ ही कहा कि 'भारतीय नौसेना के मेहमान' पर हमला करने की अमेरिका भारी कीमत चुकाएगा। जहाज पर करीब 180 लोग सवार होने की खबरें हैं, जिनमें से 32 को बचा लिया गया था।

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा, 'लगभग 130 नाविकों को ले जा रहे और भारत की नौसेना के अतिथि पोत 'फ्रिगेट देना' पर अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में बिना किसी चेतावनी के हमला किया गया। मेरी बात याद रखना- अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया है, उसे उस पर अत्यधिक पछतावा होगा।' ईरानी पोत हाल में भारत की तरफ से आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास में शामिल हुआ था।

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने वॉशिंगटन में कहा था कि एक अमेरिकी पनडुब्बी ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह किसी दुश्मन युद्धपोत को टॉरपीडो से डुबोने की पहली घटना है। हेगसेथ ने पत्रकारों से कहा, 'एक अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया, जो अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में खुद को सुरक्षित समझ रहा था। लेकिन उसे टॉरपीडो से डुबो दिया गया।'

उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने उस ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया, जिसका नाम 'सुलेमानी' के नाम पर रखा गया था। सुलेमानी, पूर्व ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी थे, जिन्हें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिकी सेना ने मार गिराया था।

ईरान के सबसे नए युद्धपोतों में से एक, आईरिस देना, मौदगे श्रेणी का एक फ्रिगेट है जो ईरानी नौसेना के लिए समुद्र में गश्त करता है। यह भारी तोपों, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, पोत-रोधी मिसाइलों और टॉरपीडो से लैस था। पोत पर एक हेलीकॉप्टर भी था।

अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा कि मौजूदा युद्ध के दौरान कम से कम 17 ईरानी नौसैनिक पोतों को डुबो दिया गया है। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, 'हम ईरानी नौसेना को भी डुबो रहे हैं - पूरी नौसेना को।' विदेश मंत्री विजिथा हेराथ ने संसद को बताया कि श्रीलंकाई नौसेना और तटरक्षक बल को तड़के पांच बजकर आठ मिनट पर दक्षिणी बंदरगाह जिले गॉल से लगभग 40 समुद्री मील की दूरी पर स्थित 'आईरिस देना' नामक पोत के डूबने की सूचना मिली थी।

## कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में उतारे 6 उम्मीदवार

नई दिल्ली , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश से अनुराग शर्मा को कैंडिडेट बनाया है। इसके अलावा एम. क्रिस्टोफर तिलक तमिलनाडु से उतरेंगे। अभिषेक मनु सिंघवी और वी. नरेंद्र रेड्डी तेलंगाना से जाएंगे। हरियाणा से कर्मवीर सिंह बौद्ध को मौका दिया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ से फूलो देवी नेताम को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने राज्यसभा चुनावों के लिए 6 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। इन नामों में हरियाणा और हिमाचल से लेकर तमिलनाडु तक के लिए नेताओं की लिस्ट शामिल है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मंजूरी के बाद इस सूची को जारी किया गया है। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश से अनुराग शर्मा को कैंडिडेट बनाया है। इसके अलावा एम. क्रिस्टोफर तिलक तमिलनाडु से उतरेंगे। अभिषेक मनु सिंघवी और वी. नरेंद्र रेड्डी तेलंगाना से राज्यसभा जाएंगे। हरियाणा से कर्मवीर सिंह बौद्ध को मौका दिया गया है।

## सात साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या, घर में अचेत मिली थी लड़की, पुलिस बोली-फांसी लगाई

शाहजहांपुर , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। यूपी के शाहजहांपुर जिले के रोजा थाना क्षेत्र में बुधवार को सात साल की बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पैनल से पोस्टमार्टम कराया। मामले में मां ने दो लोगों पर बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के बाद हत्या करने का आरोप लगाया है। जलालाबाद क्षेत्र की रहने वाली एक महिला रोजा थाना क्षेत्र में किराये के मकान में अपने चार बच्चों के साथ रह रही है। वह घरों में काम कर परिवार का पालन-पोषण करती है। बुधवार को वह काम पर गई हुई थी। इसी दौरान घर में मौजूद उसकी सात साल की बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वहीं पुलिस का कहना है कि बच्ची ने जीने में लगे से बच्ची ने फांसी लगाई है। महिला के अनुसार, पड़ोसियों से उसे बेटी की तबीयत खराब होने की सूचना मिली। इस पर वह तुरंत घर पहुंची तो बच्ची अचेत अवस्था में मिली। वह उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद महिला ने आरोप लगाया कि इलाके के दो लोगों ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया और विरोध करने पर उसकी हत्या कर दी। महिला का कहना है कि शाम को जब वह घर लौटी तो दोनों आरोपियों ने उसे धमकाते हुए कहा कि उन्होंने ही उसकी बेटी को मारा है और जो करना है कर ले। महिला ने यह भी बताया कि उसके अन्य बच्चों ने दोनों लोगों को घर की छत से भागते हुए देखा था।

## जेलेंस्की बोले- रूस, ईरान की मदद नहीं कर सकता

तेल अवीव/तेहरान, 05 मार्च (एजेंसी/देवव्रत संवाद)।अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज छठा दिन है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस फिलहाल ईरान की मदद करने की स्थिति में नहीं है। उनके मुताबिक रूस की ज्यादातर सैन्य ताकत यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध में उलझी हुई है। जेलेंस्की ने एक इंटरव्यू में कहा कि रूसी सेना का बड़ा हिस्सा यूक्रेन युद्ध में लगा हुआ है और इसी वजह से मॉस्को के पास ईरान की खुलकर मदद करने की क्षमता नहीं बची है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि रूस ईरान को कुछ सैन्य तकनीक या उपकरण दे सकता है, जैसे शाहेद ड्रोन से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट। उनके मुताबिक ईरानी ह्यशाहेदङ्ख ड्रोन में रूसी इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट होने के संकेत मिले हैं। भारत ने पहली बार ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया है। भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली स्थित ईरान दूतावास जाकर खामेनेई के निधन पर संवेदना जताई। उन्होंने कंडोलेंस बुक (शोक पुस्तिका) पर हस्ताक्षर कर श्रद्धांजलि दी। अमेरिका-इजराइल के हमले में 28 फरवरी को खामेनेई की मौत हो गई थी। ईरान ने एक दिन बाद इसकी आधिकारिक घोषणा की थी। खामेनेई के निधन के बाद दुनियाभर के कई देशों से शोक संदेश भेजे जा रहे हैं।

## भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत पर अमेरिका का हमला

तेल अवीव/तेहरान, 05 मार्च (एजेंसी/देवव्रत संवाद)।अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज पांचवां दिन है। अमेरिका ने भारत से लौट रहे एक ईरानी युद्धपोत कम्क्र देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया है। हमले में अब तक 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं। यह जानकारी श्रीलंकाई सरकार ने दी है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बताया कि हिंद महासागर में अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी जहाज को टॉरपीडो से निशाना बनाकर डुबा दिया। श्रीलंका की नेवी ने 32 घायल नौसैनिकों का रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। जहाज पर लगभग 180 नौसैनिक सवार थे। लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। यह ईरानी युद्धपोत पिछले महीने भारत के विशाखापट्टनम में आयोजित 2026 इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लेकर लौट रहा था।

## राज्यसभा चुनाव : महाराष्ट्र से शरद पवार समेत 7 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

नई दिल्ली , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने का गुरुवार को आखिरी दिन है। महाराष्ट्र की सात सीटों के लिए महायुति के छह उम्मीदवारों और महा विकास अघाड़ी के शरद पवार ने नामांकन दाखिल किया। बिहार में भाजपा के दो प्रत्याशी पार्टी के नेशनल प्रेसिडेंट नितिन नवीन और शिवेश कुमार ने नॉमिनेशन किया। वहीं बिहार के सीएम नीतीश कुमार अब राज्यसभा जा रहे हैं, उन्होंने भी पर्चा भरा।

# पुरुषों की भी अपनी गरिमा, सामाजिक पहचान होती हैं-केरल हाईकोर्ट




केरल, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। पुरुषों के अधिकारों की पैरवी करते हुए केरल हाईकोर्ट ने एक बेहद महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने कहा है कि पुरुषों की भी अपनी गरिमा, गर्व, आत्मसम्मान और एक सामाजिक पहचान होती है। अदालत ने यह टिप्पणी एक विवाहित महिला और उसके प्रेमी को उनके रिश्ते से पैदा हुई बच्ची के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम बदलने की अनुमति देते हुए की। कोर्ट ने बच्ची के जैविक पिता (प्रेमी) का नाम, महिला के कानूनी पति के नाम की जगह दर्ज करने का आदेश दिया है।

जस्टिस पीवी कुन्हीकृष्णन की पीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए इसे एक दुर्भाग्यपूर्ण व्यक्ति की दुखद कहानी बताया, जिसकी पत्नी ने शादी के अस्तित्व में रहते हुए किसी अन्य पुरुष के साथ संबंध बनाए और एक बच्ची को जन्म दिया। कोर्ट ने समाज के दोहरे रवैये पर टिप्पणी करते हुए कहा- आमतौर पर अगर किसी पति के किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध होते हैं, तो यह एक बड़ा मुद्दा बन जाता है और पत्नी तथा उसके रिश्तेदारों द्वारा उस व्यक्ति को हर संभव तरीके से अपमानित किया जाता है। बेशक, ऐसे मामलों में पत्नी की शिकायतें जायज हो सकती हैं और पति इसका हकदार भी हो सकता है। लेकिन मेरी राय है कि ऐसी स्थिति में (जब पत्नी गलत हो), तो समाज को पुरुषों के साथ भी खड़ा होना चाहिए, क्योंकि उनकी भी गरिमा, गर्व, आत्मसम्मान और सामाजिक पहचान होती है। जज ने आगे कहा कि हमारी संस्कृति में वैवाहिक निष्ठा का बहुत महत्व है। ऐसे में, जब कोई पत्नी ऐसा कदम उठाती है, तो पति सार्वजनिक रूप से खुद को अपमानित महसूस कर सकता है, मानो उसके पौरुष और प्रतिष्ठा का मजाक उड़ाया गया हो।

याचिकाकर्ता महिला की पहली शादी से एक बेटा है। उसका कानूनी पति बेंगलुरु में एकाउंटेंट का काम करता था। पत्नी का आरोप था कि पति परिवार की ठीक से देखभाल नहीं कर रहा था और उसकी जरूरतें पूरी नहीं कर रहा था।

शादी बरकरार रहने के दौरान ही महिला ने एक अन्य पुरुष के साथ संबंध बनाए, जिससे एक बच्ची का जन्म हुआ। हालांकि, बच्ची के जन्म प्रमाण पत्र पर कानूनी पति का नाम ही पिता के तौर पर दर्ज किया गया और बच्ची उसी के साथ रहने लगी। जब सच्चाई सामने आई और पति ने बच्ची के जैविक पिता होने से इनकार किया, तो घर में तीखी बहस और झगड़े शुरू हो गए। इसके बाद महिला घर छोड़कर चली गई और बाद में पति-पत्नी ने आपसी सहमति से तलाक ले लिया। तलाक के बाद, मां और उसका प्रेमी त्रिशूर नगर निगम गए ताकि बच्ची के जन्म प्रमाण पत्र पर असली पिता (प्रेमी) का नाम दर्ज कराया जा सके। लेकिन संबंधित प्राधिकरण ने उनका अनुरोध खारिज कर दिया। इसके बाद मां, उसके प्रेमी और नाबालिग बच्ची ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने इस बात पर विशेष गौर किया कि यह जानने के बावजूद कि बच्ची किसी और पुरुष की है, पहले पति ने कभी जन्म प्रमाण पत्र से अपना नाम हटाने के लिए कोई याचिका दायर नहीं की। कोर्ट ने इसे पहले पति का 'सज्जनतापूर्ण व्यवहार' और बच्ची के प्रति उसका गहरा लगाव बताया।

## जलती होली पर कूद गया युवक, 20 सेकेंड तक हाथ जोड़कर लपटों के बीच रहा खड़ा

संभल , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। यूपी के संभल में सनसनीखेज मामला सामने आया है। गुन्नौर के नंदरौली गांव में होली दहन के दौरान जलती होली के बीच एक युवक अचानक पहुंच गया और करीब 20 सेकेंड तक आग की लपटों के बीच हाथ जोड़कर खड़ा रहा। यह नजारा देखकर मौके पर मौजूद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि मंगलवार को गांव में परंपरागत तरीके से होली दहन किया जा रहा था। बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां मौजूद थे। होली जलने के बाद लोग गन्ना भून रहे थे और परिक्रमा कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक अचानक जलती होली के बीच आकर खड़ा हो गया और हाथ जोड़कर राम-राम करने लगा। आग की तेज लपटों के बीच युवक को खड़ा देखकर ग्रामीण घबरा गए। इसी दौरान मौके पर मौजूद एक ग्रामीण ने साहस दिखाते हुए जलती होली में घुसकर युवक का हाथ पकड़ा और उसे खींचकर बाहर निकाल लिया। हालांकि तब तक युवक के कपड़े जल चुके थे और वह झुलस गया था। घटना के बाद ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि युवक बहजोई थाना क्षेत्र के गांव सिंगापुर का रहने वाला है और नंदरौली गांव में अपने ससुराल होली मनाने आया था। ग्रामीणों के अनुसार युवक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं बताया जा रहा है। जलती होली में हाथ जोड़कर खड़े युवक का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक हाथ जोड़कर जलती होली के बीचो-बीच खड़ा दिखाई दे रहा है।

## ईरान पर हमले का पूर्व सैनिक ने किया विरोध तो सांसद ने तोड़ दिए हाथ

वाशिंगटन, 05 मार्च (एजेंसी/देवव्रत संवाद)। ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमले का विरोध अमेरिका में भी हो रहा है। इस बीच, यूनाइटेड स्टेट्स सीनेट की सशस्त्र सेवा समिति की सुनवाई के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई जब ईरान पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के विरोध में एक पूर्व मरीन ने प्रदर्शन किया। इस दौरान झड़प में एक अमेरिकी सांसद ने उसका हाथ तोड़ दिया। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घायल प्रदर्शनकारी की पहचान ब्रायन मैकगिनेस के रूप में हुई है, जो 2000 से 2004 तक यूनाइटेड स्टेट्स मरीन कॉर्प्स में सार्जेंट रह चुके हैं।



मैकगिनेस सुनवाई के दौरान ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई का विरोध कर रहे थे। जब यूएस कैपिटल पुलिस ने उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की, तो उन्होंने दरवाजे के फ्रेम को पकड़ लिया। इसी दौरान हाथ फंसने से उनका हाथ टूट गया। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि पुलिस अधिकारियों के साथ अमेरिकी सांसद टिम शीही भी प्रदर्शनकारी पूर्व सैनिक को बाहर निकालने में मदद करते नजर आ रहे हैं।

जब झड़प चल रही थी, तब कमरे में मौजूद लोगों की आवाजें सुनाई दे रही हैं। लोग कह रहे हैं, ₹उसका हाथ उसका हाथ ओह माय गॉड !ह्व दूसरी तरफ, पुलिस अधिकारी बार-बार प्रदर्शनकारी से दरवाजा छोड़ने के लिए कहते हुए सुनाई देते हैं। इसी दौरान पूर्व मरीन मैकगिनेस का हाथ टूट जाता है। बाहर ले जाए जाने के दौरान मैकगिनेस चिल्लाते हुए कहते सुने गए, कोई भी सैनिक इजरायल के लिए लड़ना नहीं चाहता।

# यूपी वाले पूछ रहे काला चश्मा इतना क्यों भाया है-अखिलेश

लखनऊ , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। अखिलेश यादव ने एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसा है। सीएम का एक वीडियो शेयर उन्होंने कहा है कि यूपी वाले पूछ रहे कि काला चश्मा इतना क्यों भाया है। दरअसल, योगी आदित्यनाथ ने होली पर काला चश्मा पहनकर रंगोत्सव मनाया और पूजा की। इसे ही लेकर सपा चीफ ने सवाल उठाया है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पूजा करने का एक वीडियो शेयर किया। साथ ही कैप्शन में लिखा, ह्यऐसा कर्म क्यों करता वो कि सबसे आंख चुराता है। आते समय लगाया था, अब जाते समय लगाया है। यूपी वाले पूछ रहे काला चश्मा इतना क्यों भाया है।ह्ण इससे पहले अखिलेश यादव ने होली के मौके पर शंकराचार्य प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा उन्हें दुख पहुंचा और उनका अपमान किया गया। पीडीए हर उस व्यक्ति के साथ खड़ा होगा जो उत्पीड़ित है, जो आहत है और जिसका अपमान किया गया है और सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें उनका अधिकार मिले।

सीएम पर तंज कसते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग खुद को सनातन धर्म का सबसे बड़ा अनुयायी मानते हैं, वे बेनकाब हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने इस मुद्दे को



सुलझाने के बजाय अहंकार से काम किया और षड्यंत्रकारी तरीके से मामले दर्ज किए गए। गीता स्पष्ट रूप से कहती है कि जो दूसरों के दर्द को अपने दर्द के रूप में महसूस करता है वह योगी है। केवल कुछ विशेष कपड़े पहनने से कोई योगी नहीं बन जाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हालिया जापान यात्रा पर टिप्पणी करते हुए, कहा कि सरकार ने पहले बहुत अधिक राशि के समझौतों का दावा करने के बाद एक लाख करोड़ रुपये के नए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

सरकार का समय समाप्त हो गया है, अब उसकी विदाई का समय आ गया है। उधर, होली के पावन महापर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में होलिका भस्म की पूजा कर होली मनाने का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म व गुलाल लगाया और गुड़ खिलाकर गोसेवा की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गोरक्षपीठाधीश्वर के संग जमकर रंगों और फूलों की होली खेली। योगी आदित्यनाथ के होलिकोत्सव की शुरूआत बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से हुई। मंदिर परिसर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म (सम्मत की राख) की पूजा की और आरती उतारी, भस्म का तिलक लगाया। इस अनुष्ठान के बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु-संतों व श्रद्धालुओं ने इसी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक कर आशीर्वाद लिया।

# अमेरिका-इजरायल के थोपे युद्ध का दुष्परिणाम पूरी दुनिया को भुगतना पड़ेगा

भले ही, दुनिया में चौधराहट बनाये रखने और साम्राज्यवादी मंसूबों को पूरा करने के लिए अमेरिका ने इस्राइल के साथ मिलकर ईरान पर युद्ध थोपा हो, मगर इस युद्ध के दूरगामी घातक परिणाम पूरी दुनिया को झेलने होंगे। इस संघर्ष ने पूरे पश्चिमी एशिया को गहरे संकट में डाल दिया है। तबाही के कगार पर खड़े ईरान ने जिस तरह अपने पड़ोसी देशों के व्यापारिक व औद्योगिक संस्थानों पर ताबड़-तोड़ हमले किए हैं, उससे मध्यपूर्व में बड़ा आर्थिक संकट पैदा हो गया है। लाखों लोगों के रोजगार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। खासकर लाखों भारतीय कामगारों के लिये बड़ा संकट पैदा हो गया है। ईरान की जवाबी कार्रवाई से पश्चिमी एशिया में बढ़ते संकट से, इस क्षेत्र में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के प्रमुख वैश्विक जहाजरानी मार्गों पर मंडरा रहे खतरे के बीच ऊर्जा बाजार की स्थिति पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास हुए हमलों के कारण कच्चे तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस यानी एलएनजी की ढुलाई पहले ही बाधित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से के लिये एक रणनीतिक मार्ग है। लेकिन मौजूदा युद्ध से उपजे हालात में जहाज बीमा कंपनियों ने युद्ध-जोखिम कवरेज वापस ले लिया है। इसके चलते पेट्रोलियम पदार्थों व अन्य उत्पादों की माल ढुलाई लागत बढ़ रही है। युद्ध की विभीषिका के चलते तमाम जहाजों ने अपने मार्ग बदल लिए हैं। कुछ जहाज चलाने वाली कंपनियों ने अपने जहाजों के परिचालन पर रोक लगा दी है। इसका तात्कालिक परिणाम यह है कि कच्चे तेल की कीमतों में काफी उछाल देखा जा रहा है। जिसके चलते ब्रेंट क्रूड की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें आने वाले दिनों में विश्व स्तर पर मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाएंगी। जाहिरा तौर पर विकासशील व गरीब देशों का आर्थिक संकट और गहरा हो जाएगा।

वहीं दूसरी ओर विकासशील देशों की सरकारों के सामने विकास कार्यक्रमों के लिये वित्तीय संसाधन जुटाना अब एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं इन देशों में केंद्रीय बैंकों के लिये भी मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन बनाये रखना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल, हाल के दिनों में पेट्रोलियम और उसके उत्पादों पर निर्भर परिवहन, रसायन और प्लास्टिक उद्योग तक को बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। जाहिर है इससे इन उद्योगों के लाभ में कमी आ सकती है। साथ ही इन उद्योगों में निवेश धीमा हो सकता है। वहीं दूसरी ओर आपूर्ति में देरी से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की समस्याएं और भी बढ़ सकती हैं। यह सर्वविदित है कि आज भी भारत अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिये कच्चे तेल का अस्सी से नब्बे प्रतिशत आयात करता है। इस कच्चे तेल का करीब चालीस फीसदी हिस्सा पश्चिमी एशिया से आता है। मौजूदा विषम परिस्थितियों के बीच होर्मुज जलमार्ग में व्यवधान तथा भू-राजनीतिक जोखिमों में वृद्धि से भारत के तेल आयात बिल के बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। वहीं इसके साथ ही देश का राजकोषीय घाटा भी बढ़ सकता है। यहां तक कि कच्चे तेल के दाम में दस डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि भी आयात लागत को काफी हद तक बढ़ा सकती है। मौजूद संकट के बीच, विशेष रूप से खाड़ी क्षेत्र को निर्यात के लिये बने व्यापार गलियारे आज जटिल परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर होर्मुज जलमार्ग और आगे के माल ढुलाई नेटवर्क के माध्यम से शिपिंग पर निर्भर इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य वस्तुओं के निर्यात में देरी से लागत के बढ़ने की आशंका है। साथ ही अवसरों के नुकसान होने का खतरा बढ़ रहा है। यूं तो भारत सरकार आत्मविश्वास से भरी नजर आती है, लेकिन यदि पश्चिम एशिया का संघर्ष लंबा चलता है, तो हालात आर्थिक चुनौतियों को काफी हद तक बढ़ा सकते हैं। इस संकट से निपटने के लिए त्वरित नीतिगत प्रतिक्रिया की जरूरत है। वक्त की मांग है कि लगातार विषम होती परिस्थितियों के बीच ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण किया जाये। वहीं दूसरी ओर अस्थिरता से बचाव के लिये तत्काल मजबूत आर्थिक सुरक्षा उपायों की आवश्यकता होगी।

# युद्ध की धुंध में ओझल होती चुनौतियां



• राकेश अचल

भारत में इस समय युद्ध उन्माद चरम पर है. भारत अपनी पारंपरिक विदेश नीति से इतर जिस नीति पर चल रहा है उस पर बहस राष्ट्रद्रोह कहा जाता है. भारत को युद्ध की धुंध में ओझल होती चुनौतियों के प्रति आगाह कराना 'भैंस के आगे बीन बजाने जैसा है. भैंस बीन बजाने पर भी खडी पगुराती रहेगी. फिर भी कुछ लोग हैं जो ये काम बिना लाभ-हानि की चिंता किए बिना करते हैं.

भारत इजराइल -अमेरिका के साथ और ईरान के खिलाफ खडा है ये जानते हुए भी कि ये घाटे का सौदा है. युद्ध की धुंध में देश के लिए जो असल चुनौती है उस पर बहस के बजाय अंधभक्तों की फौज और गोदी मीढिया वाट्सअप विश्वविद्यालय ये समझाने में लगा है कि भारत जो कुछ कर रहा है केवल वही सही है.

अधिकांश जनता रोजी रोटी, मंहगाई की समस्याओं में उलझी है. उसे नहीं पता कि भारत अपनी ऊर्जा और कीमती धातुओं के लिए खतरनाक स्तर तक आयात पर निर्भर है और यही हमारी सबसे बड़ी आर्थिक कमजोरी बनती जा रही है। ईरान जैसे संसाधन-समृद्ध क्षेत्रों में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच देश के एक अनुभवी और देशभक्त उद्योगपति वेदांता चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर तुरंत नीति नहीं बदली गई तो आम आदमी को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

आप शायद न जानते हों लेकिन हकीकत ये है कि भारत 90 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है.रसोई में चूल्हा जलाने के लिए जिस एलपीजी की जरुरत होती है उसका 66 फीसदी हमें आयात करना पडता है.वाहन चलाने के लिए काम आने वाली एल एन जी भी 50 फीसदी आयात ही होती है. भारत का सालाना ऑयल-गैस आयात बिल 176 बिलियन डालर का होता है. इतना ही नहीं भारत सालाना 65 बिलियन डालर का सोना आयात आया करता है.

आपको बताना जरुरी है कि कुल आयात का लगभग 30 फीसदी हिस्सा तेल, गैस और सोना का है.तेल से देश का परिवहन सिस्टम चलता है। एलपीजी घरों की रसोई जलाती है। एल एन जी कम उत्सर्जन वाले पब्लिक ट्रांसपोर्ट में काम आता है। ऐसे में कीमतों में तेज उछाल सीधे महंगाई, चालू खाते के घाटे, रुपए की कमजोरी और राजकोषीय दबाव को बढ़ाता है।

आपको पता है कि देश इन दिनों ए-1 और ए-2 यानि अंबानी और अडानी के इशारे पर चल रहा है. ऐसे में अनिल अग्रवाल की चेतावनी पर ध्यान कौन देगा? फिर भी लाभ-हानि की चिंता किए बिना अनिल अग्रवाल ने साफ कहा है कि प्राकृतिक संसाधन सेक्टर को तुरंत 'राष्ट्रीय प्राथमिकता' घोषित किया जाए। उनका तर्क है कि भारत को आयात पर निर्भर रहने की बजाय घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़े फैसले लेने होंगे। आपको पता है कि पिछले दिनों अनिल अग्रवाल ने अपने इकलौते बेटे को खोया है.

अनिल अग्रवाल कहते हैं कि मौजूदा चुनौती से निबटने के लिए पब्लिक हियरिंग समेत समय लेने वाली प्रक्रियाओं से छूट की तत्काल जरुरत है.पर्यावरण मंजूरी में सेल्फ-सर्टिफिकेशन मॉडल खडा किए बिना इन चुनौतियों से नहीं निबटा जा सकता. इसके लिए बाद में ऑडिट, पहले अनुमति भी चाहिए.सरकारी संसाधनों का पूरा उपयोग करने के सा ही सरकारी परिसंपत्तियों में 50 फीसदी तक हिस्सेदारी निजी खिलाड़ियों को देने की जरुरत भी है.कर्मचारियों को शेयरहोल्डिंग दी जाए न कि छंटनी की जाए.

अग्रवाल का कहना है कि दुनिया अब पहले से ज्यादा अस्थिर है। आज के भू-राजनीतिक माहौल में स्थायी दोस्त नहीं होते। आत्मनिर्भरता कोई सपना नहीं, बल्कि आर्थिक और रणनीतिक जरूरत है।उनका दावा है कि अगर नियम सरल किए जाएं तो निवेश, उत्पादन और रोजगार तीनों बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस सेक्टर में बड़ी संख्या में युवा महिलाएं आ रही हैं और विदेशों में काम कर रहे भारतीय भी 'घर वापसी' कर सकते हैं।

सवाल अब सरकार के सामने है कि क्या भारत जोखिम उठाकर संसाधन उत्पादन बढ़ाएगा, या फिर आयात झटकों से बार-बार अर्थव्यवस्था हिलती रहेगी? भारत को ए वन और ए टू के अलावा ए थ्री यानि अनिल अग्रवाल की बात भी सुनना चाहिए. केवल स्वदेशी, मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया के थोथे नारों से कुछ नहीं होने वाला.




# जीवन की सुंदरता उसके विविध रंगों में है

• नरेश कौशल

जब हम होली के रंगों में सराबोर होते हैं, तब वास्तव में हम जीवन को उसकी पूरी विविधता के साथ गले लगाते हैं और शायद यही होली का सबसे गहरा प्रतीकवाद है।

होली केवल रंगों से खेलने का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन को समझने और स्वीकार करने की एक गहरी सांस्कृतिक दृष्टि है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि मनुष्य का अस्तित्व केवल तर्क और व्यवस्था से नहीं, बल्कि भावनाओं, विरोधों और संवेदनाओं के रंगों से निर्मित होता है। जब समाज विचारों की कठोरता, संबंधों की दूरी और संवेदनहीनता के कारण रंगहीन हो जाता है, तब होली जीवन में उल्लास, समरसता और मानवीय ऊष्मा का संचार करती है। रंगों के माध्यम से यह पर्व जीवन के द्वंद्व सुख-दुःख, प्रेम-विरोध, आशा-निराशा को स्वीकार करने की कला सिखाता है और हमें स्मरण कराता है कि जीवन की सुंदरता उसके विविध रंगों में ही निहित है।

यह उत्सव हमें बताता है कि रंग केवल बाहरी सजावट नहीं, बल्कि मनुष्य की चेतना, स्मृतियों और संबंधों का विस्तार है। वसंत के आगमन के साथ मनुष्य के भीतर जमी शीतल उदासियों को पिघलाने का काम होली करती है। जब समाज किसी न किसी कारण से धूसर हो चला हो, संवेदनाओं की थकान, संबंधों की टूटन, या विचारों की कटुता से तब होली जीवन में रंग भरने का साहसिक प्रस्ताव लेकर आती है। यही कारण है कि होली का उत्सव केवल हंसी-खुशी का आयोजन नहीं, बल्कि एक गहन दार्शनिक अनुभव भी है। रंगों का दर्शन भारतीय संस्कृति में अत्यंत प्राचीन और गहन है। यहां रंग केवल दृश्य अनुभूति नहीं, बल्कि भाव, गुण और चेतना के प्रतीक हैं। लाल रंग ऊर्जा, प्रेम और संघर्ष का संकेत देता है, पीला ज्ञान और वैराग्य का, हरा जीवन और आशा का, और नीला गहराई व अनंत का। होली इन सभी रंगों को एक साथ उछाल देती है, मानो जीवन के सभी भावों को स्वीकार करने की शिक्षा दे रही हो। यह स्वीकार्यता ही जीवन-दर्शन का मूल है कि जीवन केवल सुख या केवल दुःख नहीं, बल्कि दोनों का समन्वय है।

होली का एक प्रमुख आयाम जीवन का द्वंद्व है। द्वंद्व अर्थात विरोधों का सह-अस्तित्व। सुख और दुःख, प्रेम और घृणा, जीत और हार- ये सभी जीवन के अनिवार्य रंग हैं। होली में जब लोग एक-दूसरे पर रंग डालते हैं, तो वे अनजाने ही इस द्वंद्व को स्वीकार कर लेते हैं। कोई नहीं पूछता कि कौन अमीर है, कौन गरीब, कौन उच्च है, कौन निम्न। रंग सभी भेदों को ढक लेते हैं। यह क्षणिक समानता हमें याद दिलाती है कि समाज द्वारा खींची गई रेखाएं स्थायी नहीं, बल्कि मनुष्य द्वारा निर्मित हैं। रंगहीन समाज की अवधारणा आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। आधुनिक जीवन की तेज रफ्तार, प्रतिस्पर्धा, तकनीकी निर्भरता और आत्मकेंद्रित सोच ने समाज को भीतर से फीका कर दिया है। लोग जुड़े तो हैं, पर संवादहीन हैं; साथ रहते हैं, पर संवेदनाहीन। ऐसे समाज में होली एक प्रतिरोध का पर्व बन जाती है। यह हमें बाहर निकलकर एक-दूसरे को छूने, हंसने और क्षमा करने का अवसर देती है। रंगहीनता के विरुद्ध रंगों का यह उत्सव एक सांस्कृतिक विद्रोह जैसा है।



होली की पौराणिक कथा होलिका दहन भी गहरे प्रतीकवाद से भरी है। यह कथा केवल बुराई पर अच्छाई की जीत नहीं, बल्कि अहंकार के दहन और विश्वास की रक्षा की कथा है। होलिका का जलना और प्रह्लाद का बचना इस बात का संकेत है कि सत्ता, बल और छल अंततः सत्य और आस्था के सामने टिक नहीं पाते। दहन की अग्नि हमारे भीतर के भय, क्रोध और द्वेष को जलाने का आह्वान करती है, ताकि अगले दिन रंगों के साथ नया जीवन आरंभ हो सके।

होली का सामाजिक पक्ष भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पर्व सामूहिकता का उत्सव है। गांव की गलियों से लेकर महानगरों की छतों तक, लोग एक-दूसरे के करीब आते हैं। पुराने गिले-शिकवे मिटते हैं, नए संबंध बनते हैं। ह्यबुरा न मानो, होली हैह्न केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि क्षमा और उदारता का सामाजिक मंत्र है। यह वाक्य हमें यह सिखाता है कि जीवन में हर बात को गंभीरता से लेने की आवश्यकता नहीं; कभी-कभी हंसकर आगे बढ़ जाना भी बुद्धिमानी है।

रंगों का यह उत्सव स्त्री-पुरुष, बालक-वृद्ध, सभी को समान रूप से शामिल करता है। बच्चों के लिए होली शुद्ध आनंद है, युवाओं के लिए उत्साह, और वृद्धों के लिए स्मृतियों की पुनरावृत्ति। इस प्रकार होली समय की सीमाओं को भी तोड़ती है। यह अतीत, वर्तमान और भविष्य को एक ही रंगीन क्षण में समेट लेती है। आज जब समाज में तनाव, अवसाद और अलगाव बढ़ रहा है, तब होली का मनोवैज्ञानिक महत्व और भी बढ़ जाता है। रंग खेलना केवल बाहरी क्रिया नहीं, बल्कि आंतरिक मुक्ति की प्रक्रिया है। यह हमें अपने भीतर जमी कठोरताओं को ढीला करने का अवसर देती है। हंसी, गीत और नृत्य मन को हल्का करते हैं।

होली हमें यह भी सिखाती है कि रंग स्थायी नहीं होते। शाम होते-होते रंग धुल जाते हैं, चेहरे फिर अपने मूल रूप में लौट आते हैं। यह अस्थायित्व जीवन का सबसे बड़ा सत्य है। जो आज है, वह कल नहीं रहेगा। इसलिए अहंकार, वैमनस्य और कठोरता को ढोने का कोई अर्थ नहीं। रंगों की तरह जीवन भी बहता है, बदलता है। इसे थामने की कोशिश में हम केवल थकते हैं, जी नहीं पाते। होली जीवन को पूरे मन से स्वीकार करने का पर्व है। यह हमें बताती है कि रंगहीनता कोई नियति नहीं, बल्कि एक स्थिति है, जिसे बदला जा सकता है। होली हमें भीतर झांकने और अपने मन में रंग भरने का निमंत्रण देती है। होली रंगों का उत्सव भर नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन का जीवंत पाठ है। यह द्वंद्वों को स्वीकार करना सिखाती है, भेदों को मिटाने का साहस देती है और रंगहीन समाज में मानवीय संवेदनाओं के रंग घोल देती है।

## सिने जगत

### मंदाना करीमी छोड़ेंगी भारत, कहा- इंडिया ने धोखा दिया, काम मिलना बंद हुआ



ईरानी एक्ट्रेस मंदाना करीमी ने भारत छोड़ने का फैसला कर लिया है। 25 सालों से बॉलीवुड में काम कर रहीं मंदाना का कहना है कि भारत ने उन्हें धोखा दिया है और अब यहां उनकी कोई आवाज नहीं बची है। उन्होंने अपना सारा सामान पैक कर लिया है और जैसे ही ईरान में मौजूदा शासन खत्म होगा, वह वापस अपने देश लौट जाएंगी।

दरअसल ईरान-इजराइल युद्ध में 28 फरवरी को हुए मिसाइल हमलों के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत हो गई थी। मंदाना ने सोशल मीडिया पर इस मौत पर खुशी जाहिर की थी और ईरानी शासन की कड़ी आलोचना की थी। इसी विरोध के बाद से मंदाना को भारत में विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में मंदाना ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा, पिछले दो महीनों में मुझे मुंबई में बहुत अकेलापन महसूस हुआ। ईरान के हक में बोलने और विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लेने की वजह से मैंने अपने कई पुराने दोस्त खो दिए। मुझे महसूस हो रहा है कि भारत ने एक तरह से मुझे धोखा दिया है। जनवरी 2026 से मुझे काम मिलना बंद हो गया है और मेरे पुराने कॉन्ट्रैक्ट भी कैंसिल कर दिए गए हैं।

मंदाना का कहना है कि वह अब भारत से अपना नाता तोड़ रही हैं। उन्होंने कहा, जैसे ही ऐलान होगा कि ईरान की मौजूदा सरकार गिर गई है, मैं तुरंत चली जाऊंगी। मैंने अपना बैग पैक कर लिया है। मैं एक ऐसा ईरान देखना चाहती हूं जहां महिलाएं आजाद हों, अपनी मर्जी के कपड़े पहन सकें और किसी भी यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर सकें।

मंदाना करीमी का जन्म तेहरान में हुआ था। वह 2010 में पहली बार मॉडलिंग के लिए भारत आई थीं और 2013 से मुंबई में ही बस गईं। उन्होंने 'क्या कूल हैं हम 3', 'मैं और चार्ल्स' और 'भाग जॉनी' जैसी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा 'बिग बॉस' और 'लॉकअप' जैसे रियलिटी शोज से उन्हें पहचान मिली। इसके बाद मंदाना ने साल 2017 में भारतीय बिजनेसमैन गौरव गुप्ता से शादी की, लेकिन यह रिश्ता लंबा नहीं चला। 2021 में उनका तलाक हो गया। मंदाना ने अपने पति और ससुराल वालों पर घरेलू हिंसा और धर्म परिवर्तन के दबाव जैसे गंभीर आरोप लगाए थे।

### धुरंधर से डरे और अब वरुण से क्लैश पे अटके

साउथ सुपरस्टार यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स की रिलीज डेट बदलने से बॉलीवुड में नया बॉक्स ऑफिस क्लैश खड़ा हो गया है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी नई रिलीज डेट 4 जून 2026 तय की गई है। इस बदलाव के कारण अब फिल्म की टक्कर सीधे वरुण धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है से होने वाली है, जिससे इंडस्ट्री में हलचल मच गई है। दरअसल, पहले टॉक्सिक की रिलीज 19 मार्च 2026 को तय थी और उसी दिन रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 भी रिलीज होने वाली थी। ट्रेड एक्सपर्ट्स मान रहे थे कि दो बड़ी फिल्मों का एक साथ आना बॉक्स ऑफिस पर नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसी वजह से टॉक्सिक के मेकर्स ने रिलीज डेट आगे बढ़ाने का फैसला लिया।बताया गया कि मिडिल ईस्ट में चल रही परिस्थितियों के कारण भी फिल्म की रिलीज टालने का निर्णय लिया गया। मेकर्स चाहते थे कि फिल्म को ग्लोबल मार्केट में बेहतर माहौल में रिलीज किया जाए। इसलिए मार्च की बजाय जून में नई रिलीज डेट तय की गई।हालांकि, इस फैसले से एक नया क्लैश पैदा हो गया। अब ह्यटॉक्सिकह्न 4 जून को रिलीज होगी, जबकि वरुण धवन की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म ह्यहै जवानी तो इश्क होना है भी इसी समय सिनेमाघरों में आने वाली है। यह फिल्म पहले से ही इस तारीख के आसपास रिलीज के लिए लॉक थी, इसलिए उसके मेकर्स इस अचानक बने क्लैश से खुश नहीं बताए जा रहे हैं। है जवानी तो इश्क होना है का निर्देशन डेविड धवन कर रहे हैं और इसमें वरुण धवन के साथ मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी बताई जा रही है।

# ईरान के साथ कौन से देश हैं ?

• नीरज कुमार दुबे

मध्य-पूर्व में भड़का ईरान का युद्ध अब केवल एक क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरी दुनिया की राजनीति को झकझोर देने वाला संकट बन चुका है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद वैश्विक राजनीति स्पष्ट रूप से तीन खेमों में बंटती दिखाई दे रही है। एक ओर वे देश हैं जो ईरान के साथ खड़े हैं, दूसरी ओर वे देश हैं जो अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई को समर्थन दे रहे हैं, जबकि तीसरा समूह उन देशों का है जो खुलकर किसी पक्ष में नहीं आ रहे और खुद को तटस्थ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

सबसे पहले उन देशों की बात करें जो ईरान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। इस सूची में सबसे प्रमुख नाम रूस और चीन का है। इन दोनों देशों ने अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया है और इसे क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने वाला कदम कहा है। रूस पहले से ही पश्चिमी देशों के साथ टकराव की स्थिति में है, इसलिए उसने ईरान के खिलाफ हमले की तीखी आलोचना की है और कूटनीतिक समर्थन दिया है। चीन ने भी संयम बरतने की अपील करते हुए यह स्पष्ट किया है कि क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान युद्ध नहीं बल्कि बातचीत से होना चाहिए।



इन महाशक्तियों के अलावा उत्तर कोरिया और वेनेजुएला जैसे देश भी ईरान के समर्थन में खड़े दिखाई देते हैं। इसके साथ ही मध्य-पूर्व में कई ऐसे संगठन हैं जो ईरान के रणनीतिक सहयोगी माने जाते हैं, जैसे लेबनान का हिज्बुल्लाह और यमन के हूती विद्रोही। ये समूह लंबे समय से अमेरिका और इजराइल के प्रभाव का विरोध करते रहे हैं और इस संघर्ष में भी ईरान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। इस पूरे समूह को अक्सर ह्यप्रतिरोध धुरीह्न कहा जाता है, जो पश्चिमी प्रभाव को चुनौती देने की कोशिश करता है।

अब दूसरे खेमे की बात करें, जो अमेरिका और इजराइल के साथ खड़ा है। इस युद्ध के सबसे बड़े पक्षकार स्वयं अमेरिका और इजराइल हैं। इजराइल लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपने अस्तित्व के लिए खतरा बताता रहा है, जबकि अमेरिका ने अपने सहयोगी की सुरक्षा का हवाला देकर सैन्य अभियान में भाग लिया है। इनके अलावा कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और खाड़ी क्षेत्र के कुछ देश भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिकी रणनीति के करीब दिखाई देते हैं। बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जैसे देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं और ये देश लंबे समय से ईरान को क्षेत्रीय खतरे के रूप में देखते रहे हैं।

ईरान युद्ध के मुद्दे पर पश्चिमी सैन्य गठबंधन नाटो का रुख भी दिलचस्प है। नाटो के महासचिव मार्क रूट ने अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे ईरान की परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता को कमजोर करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण है। हालांकि नाटो प्रमुख ने यह भी साफ किया कि नाटो स्वयं इस युद्ध में शामिल होने की कोई योजना नहीं बना रहा है। उन्होंने कहा कि नाटो एक संगठन के रूप में इस संघर्ष में नहीं उतरेगा, लेकिन उसके कुछ सदस्य देश अमेरिका और इजराइल की कार्रवाई को अपने स्तर पर समर्थन दे सकते हैं। यह बयान इस बात का संकेत देता है कि पश्चिमी गठबंधन के भीतर भी युद्ध को लेकर पूरी तरह एकमत स्थिति नहीं है।

तीसरा समूह उन देशों का है जो खुद को तटस्थ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। इस समूह में भारत, कई यूरोपीय देश, ब्रिटेन, कतर, ओमान और कॉकस क्षेत्र के कुछ देश शामिल हैं। इन देशों ने सीधे किसी पक्ष का समर्थन करने की बजाय युद्ध को रोकने और कूटनीतिक समाधान की अपील की है। भारत जैसे देश ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता दोनों को ध्यान में रखते हुए सावधानी से कदम उठा रहे हैं। वहीं कतर और ओमान जैसे देश मध्यस्थता की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वे पहले भी अमेरिका और ईरान के बीच संवाद कराने में सक्रिय रहे हैं।

इस पूरे संकट के बीच अमेरिका की भूमिका को लेकर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका जिस तरह से सैन्य कार्रवाई कर रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय नियमों और संस्थाओं की अनदेखी को दशार्ता है। उदाहरण के तौर पर हिंद महासागर में ईरानी पोत को मार गिराने की घटना ने यह संकेत दिया कि यह संघर्ष केवल मध्य-पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि वैश्विक समुद्री मार्गों तक फैल सकता है। इसके अलावा जब स्पेन ने अपने एयरबेस के इस्तेमाल की अनुमति देने से इंकार किया तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से उसकी आलोचना कर दी। दूसरी ओर ब्रिटेन ने अपने सैन्य अड्डों के इस्तेमाल की अनुमति तो दी, लेकिन कई शर्तों के साथ, जिससे ट्रंप स्पष्ट रूप से संतुष्ट नहीं दिखाई देते। इससे यह भी संकेत मिलता है कि अमेरिका अपने सहयोगियों से लगभग बिना शर्त समर्थन की उम्मीद कर रहा है लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है।

विडंबना यह है कि ट्रंप एक तरफ यह दावा करते रहे हैं कि उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को रुकवाया है और इसलिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। उन्होंने गाजा के लिए ह्यबोर्ड ऑफ पीसह्न जैसी पहल भी की। लेकिन दूसरी ओर ईरान के खिलाफ युद्ध को जिस तरह आगे बढ़ाया गया है, उसने पूरी दुनिया को अस्थिरता और युद्ध की आशंका से भर दिया है। आलोचकों का कहना है कि शांति की बात करने के साथ-साथ युद्ध की आग को भड़काना गहरे राजनीतिक विरोधाभास को दशार्ता है।

इसके अलावा, इस युद्ध ने विश्व राजनीति में गहरे बदलाव पैदा कर दिए हैं। सबसे बड़ा परिवर्तन यह है कि दुनिया फिर से बड़े शक्ति-गठबंधनों में बंटती दिखाई दे रही है। अमेरिका और उसके सहयोगी एक तरफ हैं, जबकि रूस और चीन जैसे देश दूसरी ओर खड़े दिखाई देते हैं। यह स्थिति एक नई महाशक्ति प्रतिस्पर्धा की ओर इशारा करती है।दूसरा बड़ा परिवर्तन मध्य-पूर्व की राजनीति में देखने को मिल रहा है। कई अरब देशों और इजराइल के बीच सुरक्षा सहयोग तेजी से बढ़ रहा है क्योंकि वे ईरान को अपने लिए बड़ा खतरा मानते हैं। इससे क्षेत्र में नए सैन्य और राजनीतिक गठबंधन बन रहे हैं। तीसरा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। ईरान दुनिया के बड़े तेल उत्पादकों में से एक है और फारस की खाड़ी वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। युद्ध के कारण तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने का खतरा पैदा हो गया है, जिससे पूरी दुनिया के ऊर्जा बाजार में अस्थिरता बढ़ गई है। बहरहाल, ईरान का यह युद्ध केवल मिसाइलों और बमों का संघर्ष नहीं है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति-संतुलन की लड़ाई भी बन चुका है। आने वाले समय में यह संघर्ष तय करेगा कि विश्व राजनीति का नया नक्शा कैसा होगा और किस शक्ति का प्रभाव कितना बढ़ेगा।

# होली को सकुशल संपन्न करवाने हेतु एसपी ने किया पैदल गस्त



पीडीडीयू नगर(चंदौली) , **05 मार्च (देवव्रत संवाद)**।रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर जनपद में शांति, सौहार्द एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लाग्हे द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक सदर,अनन्त चन्द्रशेखर तथा क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर अरुण कुमार सिंह,प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय संतोष कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक अलीनगर अनिल कुमार पाण्डेय सहित पुलिस बल के साथ थाना मुगलसराय व थाना अलीनगर व थाना सैयदराजा सहित अन्य थाना क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस बल ने मुगलसराय कस्बे के मुख्य मार्गों,बाजारों तथा भीड़भाड़ वाले चकिया तिराहे पर पैदल गश्त की गई।इस दौरान निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गयाःजनसंवाद व भरोसाःगश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों व व्यापारियों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया और त्योहार को आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।अराजक तत्वों पर पैनी नजरः पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि हुड़दंग करने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले और शांति भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध तत्काल कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाए।यातायात प्रबंधनःचकिया तिराहा और मुगलसराय कस्बे के व्यस्त चौराहों पर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा किः ₹होली का पर्व हर्षोल्लास का प्रतीक है।चन्दौली पुलिस आम जनमानस की सुरक्षा हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध है।सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर साइबर सेल की कड़ी निगरानी है।यदि कोई भी व्यक्ति शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध पुलिस अत्यंत सख्ती से पेश आएगी।

## बालक के मृत्यु के मामले में मजिस्ट्रेटीयल जाँच हेतु एसडीएम जे नामित

पीडीडीयू नगर(चंदौली) , **05 मार्च (देवव्रत संवाद)**। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार ने बताया कि काल्पनिक नाम बालक रोशन उम्र लगभग 03 माह 15 दिन बालक के मृत्यु के सम्बन्ध में मजिस्ट्रेटीयल जाँच हेतु एसडीएम(जे)को नामित किया गया है, यदि उक्त प्रकरण के सम्वन्ध में किसी को अपना बयान दर्ज कराना हो तो दिनांक-09.03.2026 को कार्यालय अपर जिलाधिकारी चन्दौली के कार्य कक्ष में समय दोपहर 12:00 बजे उपस्थित होकर बयान दर्ज करा सकते हैं।

## भदोही पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह, डीएम और एसपी सहित अधिकारियों ने बांटे अबीर-गुलाल




भदोही , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। जनपद भदोही में होली के पावन त्योहार के सफल और शांतिपूर्ण समापन के उपरांत 5 मार्च 2026 को पुलिस लाइन ज्ञानपुर के प्रांगण में एक रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी शैलेश कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ।इस अवसर पर जनपद के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारीगण और स्थानीय पत्रकार बंधु बड़े उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुए। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक ने स्वयं उपस्थित सभी लोगों को अबीर-गुलाल लगाया और स्वादिष्ट मिष्ठान व गुजिया का प्रसाद बांटकर होली की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रदान कीं।समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मियों के प्रति प्रदर्शित समानता, स्नेह और पारिवारिक भावना की सभी ने खुलकर सराहना की। यह आयोजन आपसी भाईचारे, सद्भावना और सामंजस्य की भावना को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया था।इस दौरान, जनपद में होली सहित अन्य त्योहारों के सुचारु और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर जनपदवासियों के सक्रिय सहयोग, समझदारी और पुलिस-प्रशासन के प्रति अपार समर्थन के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## इंस्टाग्राम पर आत्महत्या करने की वीडियो डालने पर भदोही पुलिस ने युवक की बचाई जान

भदोही , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। भदोही क्षेत्र अंतर्गत मेटा (इंस्टाग्राम) कंपनी की ओर से प्राप्त सूचना के आधार पर एक युवक द्वारा अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ह्आत्महत्या करने की वीडियो/स्टेटस अपलोड करने की जानकारी मिली थी। श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में व श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में उक्त सूचना को गम्भीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी कार्पेट सिटी राजेन्द्र प्रसाद ओझा द्वारा तत्काल युवक के निवास स्थान पर पहुंचा गया तो पाया गया कि युवक सही सलामत है व उसके परिजनों से विस्तृत वार्ता की गई तो बताया गया कि युवक कुछ निजी समस्याओं को लेकर इस तरह का पोस्ट भूलबस कर दिया था। चौकी प्रभारी द्वारा युवक एवं उसके परिजनों को सोशल मीडिया पर इस प्रकार की संवेदनशील टैगलाइन/कैप्शन लगाने के गम्भीर परिणामों से अवगत कराया गया तथा हिदायत दी गई।

## युवक को पीटकर मार डाला, होली पर झगड़े के बाद अकेला पाकर दो युवकों ने किया हमला

भदोही , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। भदोही पुलिस ने होली के दिन हुई एक युवक की हत्या का कुछ ही घंटों में खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान विशाल उर्फ सोनू सरोज के रूप में हुई है, जिसका शव सियरहा गांव में मिला था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी।

पुलिस के अनुसार, 5 मार्च 2026 को सुरेंद्र प्रताप सरोज निवासी सियरहा ने भदोही थाने में लिखित तहरीर दी। उन्होंने बताया कि 4 मार्च 2026 को होली के दिन उनका बेटा विशाल उर्फ सोनू सरोज अपने दोस्त विनय सरोज के साथ मोढ़ बाजार में शराब लेने गया था।तहरीर के मुताबिक, रात 9 से 10 बजे के बीच विशाल का झगड़ा मोढ़ निवासी भोनू और सोनू हलवाई पुत्रगण गौरीशंकर से हो गया। झगड़े के दौरान विनय डरकर मौके से भाग गया। विशाल को अकेला पाकर भोनू और सोनू ने कथित तौर पर उसे बुरी तरह पीटा, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस मारपीट से हुई मृत्यु के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर भदोही थाने में मुकदमा अपराध संख्या 93/26, धारा 105 बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) और 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में, भदोही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। 5 मार्च 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सुरियावां-भदोही रोड पर मकनपुर तिराहे से दोनों अभियुक्तों भोनू हलवाई (35 वर्ष) और सोनू हलवाई (40 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की बैठक संपन्न, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां में रणनीति पर हुई चर्चा



भदोही , **05 मार्च (देवव्रत संवाद)**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां में एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी अधीक्षक डॉ. आनंद स्वरूप ने की।

बैठक में एएमओ अनिल दूबे सहित सभी एमडीए सुपरवाइजर उपस्थित रहे। इस दौरान फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को घर-घर तक प्रभावी रूप से पहुंचाने, दवा वितरण की रणनीति और माइक्रोप्लान की समीक्षा पर विस्तार से चर्चा हुई। जागरूकता कार्यक्रमों को तेज करने पर भी जोर दिया गया।प्रभारी अधीक्षक डॉ. आनंद स्वरूप ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन रोकथाम योग्य बीमारी है, जिसे सामूहिक प्रयासों और नियमित दवा सेवन से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी सुपरवाइजरों को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान कोई भी व्यक्ति दवा से वंचित न रहे और लोगों को दवा के प्रति जागरूक किया जाए।

एएमओ अनिल दूबे ने अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी टीमों को समयबद्ध और लक्ष्य आधारित कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक घर तक पहुंच सुनिश्चित करना ही इस अभियान की सफलता की कुंजी है।बैठक के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने एमडीए कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाने का संकल्प लिया।

## 24 घंटे में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, भदोही में ज्वेलरी और 39 हजार नकद बरामद

भदोही , **05 मार्च (देवव्रत संवाद)**। ज्ञानपुर पुलिस ने चोरी के एक मामले में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के आभूषण और 39,000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। यह चोरी 4 मार्च, 2026 को ज्ञानपुर थाना क्षेत्र में हुई थी। मामले में एक अन्य आरोपी अभी फरार है। अनिल कुमार गुप्ता निवासी भिदिउरा ज्ञानपुर 4 मार्च को सुबह करीब 6 बजे वह अपने परिवार के साथ होली मनाने पैतृक मकान पुरानी बाजार गए थे। दोपहर करीब 2 बजे जब वे अपने नए मकान भिदिउरा लौटे, तो देखा कि घर का ताला और अलमारी का ताला टूटा हुआ था। चोरों ने उनकी पत्नी के सोने के आभूषण (सिकड़ी, झुमका, मंगलसूत्र, दो अंगूठी) और चांदी की पायल के साथ 50,000 रुपये नकद चुरा लिए थे। अनिल गुप्ता के अनुसार, उनके मोहल्ले के निहाल अली पुत्र इकराम, नौशाद पुत्र इकबाल और कांशीराम आवास निवासी अर्पित पुत्र बबलू ने मिलकर यह चोरी की थी। चोर निहाल की चार पहिया गाड़ी से फरार हुए थे।

तहरीर के आधार पर ज्ञानपुर पुलिस ने तत्काल केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की। 5 मार्च, 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कंसापुर विकास भवन असनांव मार्ग तिराहे से निहाल अली और नौशाद को गिरफ्तार कर लिया।

## पुलिसकर्मी ने साड़ी पहनकर खेली होली, जवानों ने कपड़ा फाड़कर कर किया नागिन डांस



मीरजापुर , **05 मार्च (देवव्रत संवाद)**। मिजार्पुर में रंगों का पर्व होली गुरुवार को मिजार्पुर पुलिस के जवानों ने पुलिस लाइन और विभिन्न थानों में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। ड्यूटी की व्यस्तता के बावजूद पुलिसकर्मियों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।

पुलिस लाइन परिसर में सुबह से ही होली का रंगीन माहौल छाया रहा। जवानों ने सुर, लय और ताल की धुन पर जमकर मस्ती की। पारंपरिक होली गीतों के साथ-साथ फिल्मी गानों पर भी पुलिसकर्मी झूमते नजर आए।रंग-गुलाल से सराबोर जवानों ने मशहूर नागिन धुन पर नागिन डांस कर माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। इसी दौरान कोतवाली के एक रसोइये ने साड़ी पहनकर अनोखे अंदाज में नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी को खूब गुदगुदाया और पर्व के पलों को यादगार बना दिया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। पुलिसकर्मियों ने बताया कि पूरे साल कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार ड्यूटी करनी पड़ती है, ऐसे में त्योहार के मौके पर साथ मिलकर खुशियां मनाने का यह अवसर उनके लिए खास होता है। होली के जश्न के बीच भी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। अधिकारियों ने बताया कि जनपद में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था और त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी थानों को आवश्यक निर्देश दिए गए थे।

रंग, गुलाल और गीत-संगीत के बीच पुलिसकर्मियों का यह उत्सव आपसी भाईचारे, सौहार्द और उत्साह का संदेश देता नजर आया।

## नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष का होगा अभिनन्दन समारोह

मीरजापुर , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज का में आगमन समय सुबह 11:00 बजे गोपीगंज मार्ग हनुमान नगर से होगा । तदोपरांत हनुमान नगर में स्वागत पार्टी के संगठन पदाधिकारीगणों एवं जनप्रतिनिधिगणों द्वारा सैकड़ो कार्यकताओं के साथ स्वागत किया जायेगा । तत्पश्चात वहां से नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष का काफिला हनुमान नगर से होते हुए तिलठी, चिल्ह तिराहा, शास्त्री पुल, नटवा तिराहा, अटल चौराहा ( अमरावती चौराहा ) पर अटल की प्रतिमा पर माल्यार्पण, बंगाली चौराहा होते हुए विंध्यवासिनी माता मंदिर से बरतर तिराहा, कंतित, दुधनाथ तिराहा, लोहिया तालाब, पक्का पुल, इमामबाड़ा, लालडिग्गी चौराहा निकट शक्ति होटल पं0 दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुनः गनेशगंज तिराहा, सब्जी मण्डी होते हुए मुकेरी बाजार डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पश्चात इमरती रोड़ होते हुए संगमोहाल से रोड़वेज तिराहा से होते हुए भाजपा जिला कार्यालय बरौधा कचार के सभागार में निवर्तमान जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह जी की अध्यक्षता में जोरदार अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया जायेगा, जिसमें जनपद के सभी पूर्व जिलाध्यक्षगण एवं जनप्रतिनिधिगण तथा पार्टी के पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे । पश्चात पटेल चौराहा ( भरूहना ) पर लौह पुरूष सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे ।

## विधायक रत्नाकर मिश्र ने लोगों के साथ मनाया होली , अबीर-गुलाल लगाकर बच्चों को खिलाई मिठाई



मीरजापुर , **05 मार्च (देवव्रत संवाद)**। मिजार्पुर के नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्र ने होली के अवसर पर अपने विंध्याचल स्थित आवास पर आम जनता और समर्थकों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने सभी को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। विधायक के आवास पर पहुंचे बच्चों को रत्नाकर मिश्र ने मिठाई खिलाई और उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान विधायक आवास पर लोगों का तांता लगा रहा। नगर और आसपास के क्षेत्रों से आए नागरिकों, पार्टी कार्यकताओं, सामाजिक प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने विधायक को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पूरे परिसर में होली गीतों की मधुर धुन और रंग-गुलाल की खुशबू से उत्सवी माहौल बना रहा। रत्नाकर मिश्र ने सभी आगंतुकों को संबोधित करते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देने वाला महापर्व है। यह त्योहार सामाजिक समरसता और एकता को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है।

विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि रंगों का यह महापर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली के नए रंग भरे। उन्होंने क्षेत्र की उन्नति, शांति और विकास की कामना करते हुए सभी नागरिकों से आपसी मतभेद भुलाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों के लिए मिष्ठान और पारंपरिक व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई थी। पूरे आयोजन में आत्मीयता और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

## भटकती मिली युवती को दुकानदारों ने रखा सुरक्षित

पीडीडीयू नगर(चंदौली) , **05 मार्च (देवव्रत संवाद)**। मुगलसराय कोतवाली थाना अंतर्गत परमार कटरा के समीप एक युवती भटकती हुई जा रही थी जिसका पीछा कुछ मनबढ़ युवक कर रहे थे जिसके बाद उक्त युवती अपने को असुरक्षित महसूस करने लगी मगर युवती कुछ बोलने के हालात में नहीं थी ऐसा प्रतीक हो रहा था कि उसकी मानसिक स्थिति सही नहीं है जिसके बाद वहां के दुकानदारों की नजर युवती पर पड़ी और दुकानदार वहां एकत्रित हुए तब जाकर उक्त मनबढ़ युवक मौके से फरार हो गए।जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज विजय राज मामले की छानबीन करने के साथ अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गए। वहीं युवती को सुरक्षित रखने में वहां के दुकानदारों का एक सराहनीय कार्य साबित होता है।

## नशेड़ियों ने लाठी-डंडों से की जमकर मारपीट



पीडीडीयू नगर(चंदौली) , **05 मार्च (देवव्रत संवाद)**। डीडीयू रेल परिसर क्षेत्र में विगत कई वर्षों से अवैध कब्जा किए नशेड़ियों का आतंक लगातार देखने को मिलता है जो आए दिन मारपीट जैसी घटनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं जिनपर आरपीएफ-जीआरपी की टीम भी अंकुश लगाने में पूरी तरह से विफल साबित हो रही है।इसी क्रम में दिन बुधवार को होली के दिन नशेड़ियों के 2 पक्ष आपस में जमकर लड़ गया जिसमें दोनों पक्षों द्वारा लाठी-डंडों से एक दूसरे की पीटाई का वीडियो भी सामने आया बताते चलें कि अगर वक्त रहते ही संबंधित पुलिस विभाग द्वारा इन नशेड़ियों पर लगाम नहीं लगाई गई तो उक्त नशेड़ी बड़ी घटना को अंजाम देते नजर आएंगे।इसी क्रम में दिन गुरुवार को भी नशेड़ियों का 2 पक्ष आपस में भिड़ा।

## महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण

भदोही , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे ₹मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0₹ के अंतर्गत श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक श्री शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में आज समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/स्कूलों/कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

## भदोही सीएमओ ने रोका अनुपस्थित स्टाफ का वेतन

भदोही , **05 मार्च (देवव्रत संवाद)**। भदोही में सीएमओ डॉ. संतोष चक ने 5 मार्च को जंगीगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण में स्वीपर लवकुश और एएनएम सुनीता भी गैरहाजिर मिलीं। सीएमओ डॉ. चक ने अनुपस्थित पाए गए लवकुश का पांच दिन का वेतन और श्रीमती सुनीता का उस दिन का वेतन रोक दिया। निरीक्षण के दौरान, सीएमओ या उनके साथ मौजूद अधिकारी द्वारा ओपीडी का संचालन किया गया।इसमें हीरामनी नामक एक महिला मरीज का रक्त नमूना लेकर मलेरिया और हीमोग्लोबिन की जांच की गई और दवाएं उपलब्ध कराई गईं। केंद्र पर आयुष्मान कार्ड नहीं बनाए जा रहे थे, जिसे सीएमओ ने खेदजनक बताया। दवाओं की उपलब्धता के संबंध में, केंद्र पर कुल 195 दवाओं में से 149 दवाएं मौजूद पाई गईं।

## भदोही में कालीन व्यवसायी पर सांड का हमला

भदोही , **05 मार्च (देवव्रत संवाद)**।भदोही के तिलोकपुर क्षेत्र में मदीना मस्जिद के पास एक आवारा सांड ने सड़क से गुजर रहे बुजुर्ग पर हमला कर दिया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। भमोरा निवासी रईस अहमद के अनुसार वह सांड को रास्ते से हटाने का प्रयास कर रहे थे। तभी वह उग्र हो गया। सांड ने रईस अहमद को जमीन पर गिरा दिया इससे वह चोटिल हो गए। भमोरा निवासी रईस अहमद ने बताया कि इलाके में आवारा पशु, खासकर सांड, लगातार लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि जब कुछ ग्रामीण सांड को हटाने का प्रयास कर रहे थे, तभी सांड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद राहगीरों और अन्य पड़ोसियों ने हिम्मत दिखाई। और सांड को भगाने का प्रयास किया। लोगों ने घायल रईस अहमद को बचाया और किसी तरह सांड पर काबू पाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। जिससे बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा खतरे में है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इन पशुओं को जल्द हटाने की मांग की है।

## औराई पुलिस ने मोबाइल-बाइक लुटेरे पकड़े

भदोही , **05 मार्च (देवव्रत संवाद)**।औराई पुलिस ने मोबाइल और मोटरसाइकिल छीनने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा। उनके पास से छीने गए तीन मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार, आवेदिका आंचल पत्नी राजा ने औराई थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 13 अप्रैल 2025 को वह अपने पति के साथ मायके नेवादा से खमरिया जा रही थीं। रात करीब 12 बजे भमौरा भट्ठा के पास अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उनसे लगभग एक ग्राम सोने का लॉकेट और मोबाइल फोन छीन लिया था। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने 13 अप्रैल 2025 को भमौरा भट्ठा के पास एक महिला से मोबाइल और सोने का लॉकेट छीना था। इसके अलावा, उन्होंने विभिन्न तारीखों पर कोठरा के पास और कठारी शराब की दुकान के पास से भी राहगीरों से मोबाइल छीनने की बात कबूल की। पुलिस ने बताया कि ये सभी आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर आते-जाते राहगीरों से झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीन लेते थे और मौके से फरार हो जाते थे। छीने गए मोबाइलों को बेचकर वे अपनी शान-शौक पूरे करते थे। इनके द्वारा पहले भी कई मोबाइल छीने गए थे, जिन्हें वे सस्ते दामों पर बेच देते थे।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीन दयाल सरोज (18 वर्ष) पुत्र गुरू दयाल सरोज निवासी कैयरमऊ नयी बस्ती, मृदुल पाण्डेय (18 वर्ष) पुत्र अनिल पाण्डेय निवासी पारानापुर और विनीत कुमार सरोज (19 वर्ष) पुत्र अमित सरोज निवासी मटकीपुर, सभी थाना औराई, जनपद भदोही के रूप में हुई है। औराई पुलिस ने अलग-अलग घटनाओं से संबंधित कुल 03 मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

## होली खेलने घर आए युवक की संदिग्ध मौत

भदोही , **05 मार्च (देवव्रत संवाद)**।भदोही कोतवाली क्षेत्र के मोढ़ चौकी अंतर्गत सियरहा गांव के पास एक खेत में गुरुवार को बरमोहनी गांव निवासी विशाल सरोज उर्फ सोनू (28) का शव मिला। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है।विशाल सरोज उर्फ सोनू मुंबई में काम करते थे और होली पर्व के लिए करीब एक सप्ताह पहले घर आए थे। बुधवार को होली खेलने के बाद वह शाम लगभग 5 बजे लोगों से मिलने के लिए घर से निकले थे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



सोनभद , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। जिलाधिकारी/प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 की तैयारियों तथा उसके प्रथम चरण के कार्यों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना के प्रारंभिक कार्यों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। सभी अधिकारियों को जनगणना के प्रथम चरण से संबंधित प्रक्रियाओं और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनगणना निदेशालय की ओर से आईं प्रियासा सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत किए जाने वाले मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि इस बार की जनगणना पूर्णतया डिजिटल जनगणना होगी।

उन्होंने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी चरण में प्रत्येक क्षेत्र में स्थित भवनों और मकानों की सही-सही पहचान और सूचीकरण किया जाता है, जो आगे होने वाली जनगणना की प्रक्रिया का आधार बनता है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को चरणबद्ध तरीके से यह बताया गया कि मकान सूचीकरण कैसे किया जाएगा, किस प्रकार प्रत्येक भवन की जानकारी दर्ज की जाएगी तथा किन-किन बिंदुओं का विशेष ध्यान रखना होगा। इसके साथ ही डिजिटल माध्यमों के उपयोग, डाटा की शुद्धता, सर्वेक्षण के दौरान सावधानियों और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। श्री सिंह ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और इसमें सभी संबंधित अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

जिलाधिकारी/प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी को गंभीरता से समझें और अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी सही तरीके से मार्गदर्शन प्रदान करें, ताकि जनगणना का कार्य बिना किसी त्रुटि के सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूरी पारदर्शिता और सावधानी के साथ किया जाना चाहिए, क्योंकि इसी आधार पर आगे की जनगणना प्रक्रिया संचालित होती है। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित अधिकारी तुरंत उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके।

बैठक में यह भी बताया गया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में जनगणना,2027 के प्रथम चरण में 07 मई से 21 मई,2026 तक ह्यह्यस्व गणनाह्यह्य का कार्य स्वयं नागरिकों के द्वारा भी किए जाने का प्राविधान रखा गया है, जिस हेतु 22 मई 2026 से प्रारंभ होकर 20 जून 2026 तक सम्पन्न किया जाएगा। इस अवधि के दौरान जनपद के सभी चार्ज क्षेत्रों में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य कराया जाएगा। इसके लिए पहले से ही आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। अधिकारियों को यह भी बताया गया कि सर्वेक्षण के दौरान प्रत्येक मकान की सही जानकारी दर्ज करना अनिवार्य होगा, जिससे आगे होने वाली जनसंख्या गणना की प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके। साथ ही, कार्य के दौरान निर्धारित दिशा-निदेशों का पालन करना सभी के लिए अनिवार्य होगा। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना से संबंधित कार्यों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा कराएं, ताकि जनपद में जनगणना 2027 का प्रथम चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न किया जा सके।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी( वि0/रा0 ) वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश चन्द्र, अपर जिला जनगणना अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी आई0टी0एस0 तथा ग्रासिम इंडस्ट्रीज के अधिकारी और जनपद स्तरीय उपस्थित रहें।

## श्री बांके बिहारी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया रंगोत्सव का पर्व



सोनभद , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। रॉबर्ट्सगंज नगर के रामलीला मैदान स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में बुधवार को रंगोत्सव धूमधाम से मनाया गया। फाग गायन के बाद फूल एवं गुलाल से ठाकुर जी को सजाया गया। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर ठंढई, गुझिया, चिप्स, पापड़ के वितरण किया गया। लोग अपने अपने घरों से पकवान एवं फूल, अबीर ,गुलाल लेकर आए थे।

बता दें कि यह परंपरा वर्ष 2019 से प्रारंभ की गयी है,तत्पश्चात सभी लोगों ने इस पवित्र एवं पावन पर्व पर शपथ लिया कि सभी उपस्थित लोग नशे से दूर रहेंगे और समाज में नशा मुक्ति के लिए वर्ष पर्यंत काम करेंगे। इस अवसर पर सर्व श्री जितेंद्र सिंह,रामप्रसाद यादव,पवन जैन,धर्मेश सिंह खरवार,विनोद केशरी, प्रदीप चौबे,राकेश कुमार गुप्ता, पुजारी विनय शंकर पाण्डे,राजेश सोनी, सोनू जैन,चंदन केशरी,कृष्ण मोहन, अभिषेक, यादव अनुराग यादव,अपूर्व यादव, आयुष, आदर्श,प्रांजल इत्यादि लोग रहे।

## ग्रामीण अंचल में परंपरागत उल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई होली



भांवरकोल/गाजीपुर , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को रंगों का महापर्व होली हर्षोल्लास, भाईचारे और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुबह की पहली किरण के साथ ही गांवों में होली की मस्ती छा गई। बच्चे, युवा और महिलाएं अलग-अलग टोलियों में एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर पर्व का आनंद लेते नजर आए। अमीर-गरीब, छोटे-बड़े का भेद मिट गया और पूरा क्षेत्र एक ही रंग में रंगा दिखाई दिया।

प्रातःकाल घरों की महिलाएं पुआ, गुजिया और अन्य पारंपरिक पकवान बनाने में जुट गईं। आधे दिन के बाद लोग नए वस्त्र धारण कर गुलाल खेलने के लिए घरों से निकले।एक-दूसरे के घर जाकर अबीर-गुलाल लगाया गया तथा विविध व्यंजनों का आनंद लिया गया।

शाम होते-होते गांवों में होली गायन की परंपरा जीवंत हो उठी। विभिन्न गांवों में होली गायक दल घर-घर पहुंचकर पारंपरिक फाग और होली गीत प्रस्तुत करते रहे। देर रात तक दरवाजों पर गीत-संगीत और हंसी-ठिठोली का दौर चलता रहा। पूरा वातावरण अबीर-गुलाल की रंगत और ढोलक की थाप से सराबोर रहा।

होली के अवसर पर लोगों के घरों में विशेष व्यंजन बनाए गए और सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। हर वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और सामाजिक समरसता का परिचय दिया।

सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। थानाध्यक्ष संतोष कुमार राय ने क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रमुख चट्टी-चौराहों पर पुलिस बल मुस्तैद रहा और शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व संपन्न हुआ।

## पुलिसकर्मियों ने एसपी के साथ खेली कपड़ा फाड़ होली, पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



सोनभद , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। सोनभद्र में बुधवार को होली का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न होने के बाद गुरुवार को चुर्क पुलिस लाइन में होली का रंग देखने को मिला। यहां पुलिसकर्मियों ने परंपरागत तरीके से होली मिलन समारोह का आयोजन किया। ड्यूटी पूरी करने के बाद पुलिसकर्मियों ने पुलिस लाइन परिसर में एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर जमकर होली खेली और खुशियां मनाईं।इस अवसर पर अभिषेक वर्मा सहित अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के सभी सर्किल के क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, थाना प्रभारी और अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह के दौरान सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

वहीं कार्यक्रम में आपसी भाईचारे, सौहार्द और सहयोग की भावना के साथ उत्सव मनाया गया। इस मौके पर एसपी अभिषेक वर्मा ने सभी को होली की बधाई देते हुए कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## बांध में दो लोगों की डूबने से मौत, मछली पकड़ते समय गहरे पानी में डूबे

सोनभद , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। सोनभद्र के पन्नूगंज थाना क्षेत्र के मझिडढ़ गांव के पास स्थित धंधरौल बांध में गुरुवार दोपहर दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। दोनों व्यक्ति मछली पकड़ने के लिए बांध में उतरे थे। जानकारी के अनुसार पन्नूगंज थाना क्षेत्र के मझिडढ़ गांव निवासी 30 वर्षीय दशमी पुत्र रामविलास और 48 वर्षीय रामराज उर्फ बच्चा पुत्र राम मूरत बिंद गुरुवार दोपहर अपने साथी आशीष पुत्र अर्जुन के साथ बांध पर मछली पकड़ने गए थे।लगभग साढ़े 12 बजे दशमी और रामराज मछली पकड़ने के लिए बांध के पानी में उतरे। मछली पकड़ने के दौरान वे गहरे पानी की ओर चले गए और डूबने लगे। किनारे खड़े उनके साथी आशीष ने उन्हें डूबते देख शोर मचाया।

आशीष का शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण और मृतकों के परिजन मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पन्नूगंज थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकलवाया।

## शुभकामना फाउंडेशन ने रेणुकूट में शिक्षा अभियान चलाया, बच्चों को शैक्षणिक सामग्री किया वितरित



सोनभद , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। सोनभद्र मे शुभकामना फाउंडेशन ने रेणुकूट के बोरा टंकी स्लम क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अभियान का आयोजन किया। संस्था के सक्रिय सदस्य वत्सल सिंह, सुभाष राय और विकास शर्मा ने बच्चों और ग्रामीणों के बीच पहुंचकर शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कॉपी, कलम, पेंसिल, रबर और कटर सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। संस्था के प्रतिनिधियों ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय जाने, समय का सदुपयोग करने और जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों को भी शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया, जो गरीबी और अज्ञानता के चक्र को तोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।इसके साथ ही, शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, समय पर टीकाकरण कराने, साफ-सफाई बनाए रखने और संतुलित आहार लेने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जागरूकता फैलाई गई। उपस्थित ग्रामीणों को यह बताया गया कि स्वस्थ शरीर और शिक्षित मन मिलकर ही एक सशक्त समाज का निर्माण करते हैं।

इस पहल के दौरान बच्चों के चेहरों पर उत्साह और अभिभावकों में जागरूकता देखी गई। इस अभियान ने न केवल शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में यह संदेश भी दिया कि सामूहिक प्रयासों से ही विकास की नई राहें खुलती हैं। शुभकामना फाउंडेशन ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई, ताकि समाज का प्रत्येक वर्ग प्रगति की मुख्यधारा से जुड़ सके।

## चोरों ने विद्यालय का दरवाजा तोड़कर चुरा लिया सारा सामान

सादात ( गाजीपुर ) , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। उच्च प्राथमिक विद्यालय सादात के किचन का दरवाजा तोड़कर चोरों ने उसमें रखा 10 कुंतल चावल उठा ले गए। छह माह के अंदर इस विद्यालय के किचन में यह तीसरी बार चोरी हुई है। प्रधानाध्यापक सुभाष सिंह यादव ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और पूछताछ करने में जुट गई। प्रधानाध्यापक ने बताया कि होली की छुट्टी में विद्यालय एक से चार मार्च तक बंद था। गुरुवार को जब विद्यालय खुला तो देखा गया कि किचन के दरवाजे का एक पल्ला तोड़ दिया गया है। उसमें रखा दो ड्रमों और कई बोरों में रखा बच्चों के खाने का चावल चुरा लिया गया है। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व इस विद्यालय के रसोई घर में पूर्व में दो बार चोरी हो चुकी है। उसमें रसोई का पूरा वर्तन, बाल्टी, ड्रम, थाली सभी चुरा लिया गया था। इन घटनाओं से भी पुलिस को अवगत कराया गया था। लेकिन पुलिस ने आज तक किसी चोर को पकड़ नहीं पाई है। यह विद्यालय सादात थाना से सिर्फ चार सौ मीटर की दूरी पर स्थित है। फिर भी चोरों को जरा भी थाने का डर नहीं है ।यही कारण है कि चोरी की घटनाएं इस क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही है।

## जज शशिकांत राय की सादगी–होली पर गांव में दिखा कृष्ण-सुदामा सा अपनापन



भांवरकोल /गाजीपुर , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। बिहार के अररिया जिले में पॉक्सो विशेष न्यायालय के न्यायाधीश रहते हुए एक ही दिन में सुनवाई, गवाही, बहस और सजा सुनाकर राष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड बनाने वाले न्यायाधीश शशिकांत राय इन दिनों अपने पैतृक गांव कनुवान में भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। न्यायिक सेवा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के बावजूद उनकी सादगी, मिलनसारिता और सहज व्यवहार ने गांव के लोगों का दिल जीत लिया है।

समस्तीपुर (बिहार) में जिला जज के पद पर कार्यरत शशिकांत राय ने अररिया में पदस्थापना के दौरान 15 दिसंबर 2021 को पॉक्सो एक्ट के एक गंभीर मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को उन्होंने एक ही दिन में आरोप गठन, गवाही, बहस और सुनवाई पूरी करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जिसमें अभियुक्त को अंतिम सांस तक जेल में रहने का आदेश दिया गया। इस त्वरित न्यायिक कार्रवाई को बिहार सरकार के गृह विभाग के अभियोजन निदेशालय, पटना ने राष्ट्रीय स्तर पर एक नया रिकॉर्ड बताया है। इससे पहले मध्य प्रदेश के दतिया स्थित पॉक्सो विशेष न्यायालय में तीन दिनों में सुनवाई पूरी होने का रिकॉर्ड दर्ज था, जिसे इस फैसले ने पीछे छोड़ दिया। न्यायिक क्षेत्र में इतनी बड़ी उपलब्धि के बावजूद शशिकांत राय जब भी अपने पैतृक गांव कनुवान आते हैं तो पूरी तरह गांव की सादगी में घुल-मिल जाते हैं। हाल ही में होली के अवसर पर वे बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के साथ रंग-गुलाल खेलते हुए नजर आए।

उनके सहज और आत्मीय व्यवहार को देखकर गांव के लोग आश्चर्यचकित रह गए कि इतने बड़े पद पर आसीन होने के बावजूद उनके भीतर जरा भी अहंकार नहीं है।

ग्रामीणों का कहना है कि शशिकांत राय का व्यवहार बिल्कुल पारिवारिक और आत्मीय है। वे सभी लोगों से समान भाव से मिलते हैं और समाज में सद्भाव, सम्मान और आपसी

## पुलिस लाइन गाजीपुर में खेली गई पुलिस की होली



गाजीपुर , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। होली पर्व के दूसरे दिन पुलिस लाइन गाजीपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मदय एवं पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण गाजीपुर एवं जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, थाना प्रभारी तथा पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दीं तथा आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सहयोग की भावना के साथ उत्सव मनाया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

## ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत

सादात ( गाजीपुर ) , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)।मऊ - वाराणसी रेलखंड पर सादात से माहपुर रेलवे स्टेशन के बीच किलोमीटर संख्या 111/21 पर ग्राम सवास निवासी 62 वर्षीय पुदीना राजभर की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। यह हादसा रेल पटरी किनारे बकरी चराते समय लिच्छवी एक्सप्रेस की चपेट में आने से हुआ। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल को सैदपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बताया। बाद में सैदपुर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अग्रिम कार्रवाई कर रही है। हादसे की जानकारी पाकर पत्नी सुभावती देवी सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा।

## लापता युवक का शव गंगहर नदी में मिला, मचा कोहराम

भांवरकोल /गाजीपुर , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। थाना क्षेत्र के सोनाड़ी गांव निवासी राधेमोहन राय उर्फ लखन राय ( 18 ) का शव घर से लापता होने के चौथे दिन बुधवार को गांव से लगभग एक किलोमीटर उत्तर स्थित गंगहर नदी में उतराया हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संतोष कुमार राय अपने सहयोगी उपनिरीक्षक देवी शंकर यादव व अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गए। बताया जाता है कि लखन राय मुहम्मदाबाद में कंप्यूटर की पढ़ाई करता था और धार्मिक प्रवृत्ति का सीधा-सादा युवक था। वह प्रतिदिन सुबह टहलने के बाद नदी में स्नान कर पूजा-पाठ करता था। गत 1 मार्च की सुबह करीब 7 बजे वह घर से निकला और इसके बाद से लापता हो गया। अगले दिन उसके बड़े भाई कृष्णमोहन राय उर्फ प्रिंस राय ने थाने में गुमशुदगी की सूचना दी थी। बुधवार पूर्वाह्न बेलसड़ी के कुछ युवक मछली पकड़ते समय नदी में उतराया शव देखकर सोनाड़ी के युवकों को सूचना दी। युवकों ने शव की पहचान लखन राय के रूप में की। सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और शव को बाहर निकाला। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की मां गीता राय और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल था। क्षेत्राधिकारी सुधाकर पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत

सोनभद , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक अपनी बकरी का इलाज कराने जा रहा था, तभी एक बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। घटना सोमवार शाम धनखोर गांव में हुई। जानकारी के अनुसार, कोंगा गांव निवासी मोहरलाल यादव अपनी पीकप वाहन से एक बकरी को इलाज के लिए धनखोर गांव ले गए थे। बकरी को कुत्ते ने काट लिया था। धनखोर पहुंचने पर जैसे ही मोहरलाल बकरी को वाहन से उतार रहे थे, तभी किरबिल निवासी 25 वर्षीय सूरज देव खरवार ने अपनी बाइक से पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 और एंबुलेंस को सूचना दी। घायल मोहरलाल यादव को परिजनों ने निजी वाहन से दुद्धी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (उत्न्उ) पहुंचाया। वहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से भी मोहरलाल को बीएचयू वाराणसी रेफर किया गया था। वाराणसी ले जाते समय मंगलवार रात करीब तीन बजे रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक मोहरलाल अपने पिता के मझले बेटे थे और उनका एक दो वर्षीय बेटा है।वहीं, टक्कर मारने वाले बाइक सवार सूरज देव खरवार का इलाज सीएचसी दुद्धी में चल रहा है। बताया गया है कि सूरज देव ने हेलमेट नहीं पहना था। प्रभारी निरीक्षक दीन्नू प्रसाद यादव ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम बीएचयू में कराया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मौत

सोनभद , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। सोनभद्र के जुगैल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नेवारी (टोला भरगोन) में एक आदिवासी व्यक्ति खरपतू बैगा (40 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मृतक के भाई प्रहलाद बैगा ने बताया कि होली के दिन परिवार और गांव के लोगों ने मिलकर त्योहार मनाया। सभी ने भोजन किया और फगुआ गीत गाए। रात में सभी सोने चले गए थे। अगले दिन सुबह करीब 10 बजे तक जब खरपतू बैगा घर से बाहर नहीं निकले, तो परिजनों ने जाकर देखा। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।परिजनों के अनुसार, खरपतू बैगा की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी और उन्हें किसी पर कोई संदेह भी नहीं है। हालांकि, उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।मृतक अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। इनमें बड़े बेटे की शादी हो चुकी है, जबकि दूसरा बेटा लगभग 15 वर्ष और बेटी 10 वर्ष की है। घटना की सूचना मिलते ही पीआरबी 112 मौके पर पहुंच गई। मामले की जानकारी थाना प्रभारी को दे दी गई है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## हिण्डाल्को रेणुकूट में फायर ड्रिल, रेस्क्यू प्रतियोगिता



सोनभद , 05 मार्च (देवव्रत संवाद)।हिण्डाल्को रेणुकूट में 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इसके पहले दिन सेफ्टी ग्राउंड में फायर ड्रिल और रेस्क्यू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन आयोजनों का उद्देश्य कर्मचारियों में आपदा प्रबंधन, त्वरित प्रतिक्रिया और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में एलुमिना, रिडक्शन, फैब्रिकेशन और यूटिलिटीज विभागों की कुल चार टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रिडक्शन प्लांट की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम में चंद प्रताप, विशाल गिरी और पीयूष मिश्रा शामिल थे। यूटिलिटीज टीम के पुनीत संखोलिया, विघ्नेश्वर शर्मा और नीराला सिंह द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि फैब्रिकेशन प्लांट की टीम (प्रभात पटेल, रणविजय सिंह, नंदन कुमार) ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सेवानिवृत्त कर्नल रोहित शर्मा, विजय व्यास और डॉ. धर्मेन्द्र मिश्रा शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन कैलाश प्रधान और पार्थ पुरवार ने किया। विजेताओं की घोषणा फायर एवं सेफ्टी विभाग के प्रमुख जय तिवारी ने की। इस अवसर पर प्लांट के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।इसी क्रम में सुरक्षा विषय पर एक कविता प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें चार विभागों के कुल सात प्रतिभागियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

# विवाद के चलते टूटी वर्षों की परंपरा, होली पर नहीं निकली बारात

चिरैयाकोट (मऊ), 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। स्थानीय नगर में रामलीला कमेटी के विवाद के चलते एक ओर जहाँ अक्टूबर सन् 2025 में सन1967 से चली आ रही रामलीला मंचन की परंपरा टूटी और स्थानीय कलाकारों की उपेक्षा कर कार्यवाहक अध्यक्ष रामजी पाण्डेय द्वारा बाहरी कलाकारों से रामलीला का मंचन कराया गया तो वहीं दूसरी ओर वर्षों पुरानी होली के अवसर पर निकलने वाली पारंपरिक बारात भी रामलीला कमेटी के विवाद के चलते इस वर्ष नहीं निकली। जिससे होलिका दहन और होली के अवसर पर निकलने वाली बारात की भी परंपरा टूट गयी। जिसका नगरवासियों को काफी मलाल रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय नगर की रामलीला का मंचन सन् 1967 से होता रहा है।जिसके बावत रामलीला समिति के पंजीकृत अध्यक्ष प्रेमचंद मौर्य तथा संचालक मनोज द ग्रेट ने बताया कि उसमें नगरवासियों व आसपास के क्षेत्रों के लोगों के सहयोग से स्थानीय कलाकारों को लेकर रामलीला का मंचन होता रहा। परंतु कुछ लोग रामलीला समिति पर अपना आधिपत्य जमाने की फिराक में समिति के रजिस्ट्रेशन के नवीनीकरण की प्रक्रिया में सन् 2023 में व्यवधान उत्पन्न कर दिए।जिसके कारण समिति के नवीनीकरण की प्रक्रिया चीट फंड विभाग की उदासीनता के कारण आज भी विचाराधीन है। वहीं इस विवाद के बाद भी सन् 2023 व सन् 2024 में रामलीला का मंचन गत वर्षों की भांति अशोक कुमार अश्क चिरैयाकोटी के निर्देशन व संचालन में संपन्न हुआ। परंतु माह अक्टूबर सन् 2025 में कार्यवाहक अध्यक्ष रामजी पाण्डेय व अन्य दो - तीन लोग जब अपने आधिपत्य की मंशा में सफल नहीं हुए तो अपनी कुत्सित मानसिकता का परिचय देते हुए जातिवाद का अनर्गल प्रलाप करते हुए तत्कालीन संचालक के विरुद्ध अनैतिक टिप्पणी करने लगे। जिससे समिति के सभी सदस्य व कलाकार काफी आहत हुए। इसी बीच कार्यवाहक अध्यक्ष ने अपने दो-तीन सहयोगियों के साथ साजिश के तहत समिति के सभी सदस्यों व कलाकारों की अनदेखी कर रामलीला का मंचन बाहरी कलाकारों को बुलाकर कराया।

जिससे पिछले 59 वर्षों से चली आ रही रामलीला मंचन की परंपरा कार्यवाहक अध्यक्ष की जिद के कारण टूट गई। कार्यवाहक अध्यक्ष के इस कृत्य से नगरवासी काफी आहत दिखे। जिसकी परिणति होली के पर्व पर देखने को मिली। बताया जाता है कि सन् 1982 में कांवरिया संघ द्वारा डा० जगदीश सिंह के नेतृत्व में होलिका दहन और होली पर बारात निकालने की परंपरा की शुरूआत हुई। परंतु माह जनवरी सन् 2024 में डा० जगदीश सिंह के असामयिक निधन के बाद उनके शोक में सन् 2024 में होली की बारात स्थगित कर दी गई थी। उसके बाद सन् 2025 में सर्वसम्मति से इस बारात की जिम्मेदारी रामलीला समिति को दी गई और रामलीला समिति ने सन् 2025 में होली के अवसर पर डा० जगदीश सिंह को श्रद्धांजलि देकर पारंपरिक रूप से गाजे-बाजे के साथ बारात निकाला। जिसमें नगरवासियों ने हर्षोल्लास के साथ सहभागिता किया। परंतु इस वर्ष होली के अवसर पर रामलीला समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष ने न तो होलिका दहन के दिन सोमवार को होली की बारात की कोई व्यवस्था किए और न ही बुधवार को होली की बारात निकालने की व्यवस्था किए। जिसके कारण पिछले 45 वर्षों से से चली आ रही होली बारात की परंपरा धूल-धुसरित हो गई। जिसको लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त रहीं। हालांकि इसके बावजूद नगरवासियों ने उमंग के साथ होली का पर्व मनाया और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया। इस दौरान शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

दोहरीघाट (मऊ), 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। दोहरीघाट थाना क्षेत्र के महावलचक के पास सड़क किनारे गिरे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। मौके पर ही अधेड़ की मौत हो गई। शव की शिनाख्त 45 वर्षीय श्रवणराम पुत्र बाल गोविंदराम निवासी खैरा थाना घोसी के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार श्रवण राम नशे में धुत था। वह सड़क किनारे गिरा पड़ा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर दोहरीघाट थाना पुलिस पहुंच गई। और शव को कब्जे में लेकर जांच के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शव की शिनाख्त कर जांच के लिए भेज दिया गया है। चालक वाहन लेकर फरार हो गया है। उसको पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगी हुई।

## पति-पत्नी के विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी, गांव में सनसनी

मधुबन (मऊ), 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। थाना क्षेत्र के कमना रामपुर गांव में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद एक युवक ने घर से दूर एक पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार कमना रामपुर निवासी 30 वर्षीय उमेश कुमार की पत्नी दुबारी में रहकर वेटर का काम करती है। बुधवार की देर शाम उमेश कुमार ने फोन पर अपनी पत्नी से बात की, इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद से आहत होकर उमेश कुमार घर से निकल गया और गांव के सिवान में स्थित एक पेड़ से फंदा लगाकर झूल गया।

कुछ देर बाद परिजनों को जानकारी हुई तो पिता तुफानी मौके पर पहुंचे और उसे नीचे उतारकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मधुबन ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर फैलते ही गांव में शोक और सनसनी का माहौल बन गया। मृतक के एक बेटा और एक बेटी हैं।

घटना के बाद ससुराल पहुंची पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं ससुराल पक्ष के कुछ लोगों ने पत्नी को ही घटना का कारण बताते हुए उसे शव को छूने से मना कर दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जाएगी।

## सीजेएम ने वादी मुकदमा के पिता की मृत्यु के दिनांक के संबंध में विवेचक से दस दिन के अंदर मांगी रिपोर्ट

### मृत्यु के दिनांक के सही निर्धारण से बदल सकती है मुकदमें की दिशा व दशा, आदेश की प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस महानिदेशक और प्रमुख सचिव गृह को भेजा

मऊ, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह ने पुलिस की ओर से विवेचना के बाद भेजे गए अंतिम रिपोर्ट पर वादी मुकदमा की आपत्ति पर सुनवाई के बाद मामले के विवेचक को निर्देश दिया कि वादी मुकदमा के पिता अब्दुल गनी की मृत्यु के दिनांक के संबंध में स्पष्ट विवेचना कर रिपोर्ट दस दिन के अंदर न्यायालय में प्रस्तुत करें। साथ ही आदेश की प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी एवं प्रमुख सचिव गृह को भेजा। मामला कोपागंज थाना क्षेत्र का हैं।

सीजेएम ने अपने आदेश मे उल्लेख किया कि मामले के विवेचक द्वारा वादी मुकदमा द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र को बिना पर्याप्त साक्ष्य संकलित किये फर्जी बताया और मामले में अंतिम रिपोर्ट प्रेषित कर दिया है। वादी मुकदमा के पिता अब्दुल गनी की मृत्यु के दिनांक के सम्बन्ध में विवेचक द्वारा पर्याप्त साक्ष्य संकलित नहीं किया गया है और न ही इस सम्बन्ध में किसी का बयान अंकित किया गया है। जबकि वादी मुकदमा के पिता की मृत्यु के दिनांक के सही निर्धारण से मुकदमें की दिशा व दशा बदल सकती है।

न्यायालय द्वारा अग्रेतर विवेचना का आदेश पारित किया गया था। जिसमें महज आवेदक के पिता की मृत्यु की तिथि से सम्बन्धित विवेचना के बावत निर्देशित किया गया था जो संकलित साक्ष्यों से प्रमाणित हो सका है। परन्तु विवेचक द्वारा न्यायालय में रिपोर्ट प्रेषित नहीं की जा रही है।

विवेचक ने न्यायालय द्वारा आहूत की गई प्रगति आख्या में कथन किया गया है कि वादी मुकदमा द्वारा दी गयी तहरीर में आरोप लगाया गया है कि रजिस्ट्री पेपर में अभियुक्तगण द्वारा वादी मुकदमा के फर्जी हस्ताक्षर बनाये गये हैं तथा इसके सत्यापन की आवश्यकता है। शीघ्र ही वादी मुकदमा के एक सादे पेपर पर हस्ताक्षर लेकर व रजिस्ट्री पेपर मे हुए वादी मुकदमा के हस्ताक्षर के मिलान हेतु विशेष वाहक के माध्यम से एक रिपोर्ट विधि विज्ञान प्रयोगशाला प्रेषित की जायेगी। उपरोक्त तथ्यों से यह स्पष्ट है कि विवेचक द्वारा मामले की सही दिशा में समुचित विवेचना नहीं की जा रही है। और न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए गुमराह किया जा रहा है। साथ ही उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांकित 29 जनवरी 2026 के अनुपालन में अपने पदीय कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं किया जा रहा है। जानबूझकर अज्ञात कारणों से विवेचना लम्बित किया जा रहा है।

बता दें कि कोपागंज थाना क्षेत्र के जुम्मनपुरा मुहल्ला निवासी अब्दुल अली पुत्र स्व. अब्दुल गनी की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 300/23 धारा 419,420,467,468,471 व 120बी भादवि के तहत एफआईआर दर्ज हुई। इसमें महफुजुर्रहमान सहित 6 नामजद और कुछ अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया। आरोप था आरोपीगण ने उसके पिता के नाम की गाड़ा मौजा मे स्थित आराजी को किसी अन्य व्यक्ति को खड़ा कर गलत और फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया।

## बलिया में होली पर दो गुटों में पत्थरबाजी , ई-रिक्शा का शीशा टूटा



बलिया। बलिया में होली के दिन कोतवाली थाना क्षेत्र के राजपूत नेवरी मोहल्ले में दो गुटों के बीच विवाद हो गया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पुलिस के मुताबिक, विवाद तब शुरू हुआ जब अभय पटेल और शिव गुप्ता (निवासी बेदुवा बांध, बिचला घाट, बलिया) मोटरसाइकिल से राजपूत नेवरी गली से गुजर रहे थे। इसी दौरान उनकी राजपूत नेवरी निवासी इकबाल, अब्दुल्ला और परवेज रशीद से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। यह कहासुनी जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई। दूसरे पक्ष ने पहले पक्ष की मोटरसाइकिल की टंकी पर पत्थर और ईंटों से हमला किया। इस दौरान मौके पर खड़ी एक ई-रिक्शा का शीशा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

पुलिस ने बताया कि इस घटना में किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई है। पुलिस ने दोनों गुटों के लोगों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि दोनों ओर से पत्थरबाजी की जा रही है। वीडियो के एक हिस्से में करीब एक दर्जन से अधिक युवक लाठी-डंडों के साथ दिखाई दे रहे हैं, जबकि दूसरी ओर चार-पांच युवक मौजूद हैं।

## विभिन्न दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

मऊ, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। रानीपुर थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बीते 20 घंटे के अंदर दो हादसों में ट्रक का खलासी और चालक घायल हो गए, जबकि एक बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया, जबकि मृत बाइक सवार का शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। आलू लदा ट्रक पलटने से बरेली जनपद के भोजीपुरा निवासी चालक शोएब और खलासी फरदीन घायल हो गए। जबकि वृहस्पतिवार की रात की घटना में बाइक सवार अज्ञात की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ट्रक में आलू लेकर शोएब और फरदीन कासंगज से गाजीपुर आ रहे थे। अभी ट्रक लेकर रानीपुर थाना के भुसुवां पूर्वांचल एक्सप्रेस वे 275.6 प्वाइंट पर चालक को झपकी आने से ट्रक किनारे लगी रेलिंग तोड़कर करीब दस फीट नीचे गिर गई। गनीमत रहा कि ट्रक ने पलटी नहीं ली। नीचे जाने के बाद वही रखे पत्थर पर ट्रक अटक गया। जानकारी मिलने पर यूपीडा की पेट्रोलिंग दल और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। दोनों को जिला अस्पताल में लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छोड़ दिया । दूसरी घटना रानीपुर थाना के भुसुवा के पास 276.6 प्वाइंट पर हुई।

## होली का अवकाश बीतते ही जिला अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे 633 मरीज

मऊ, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। तीन दिन के होली का अवकाश के बाद बृहस्पतिवार को जिला अस्पताल खुलने पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 633 मरीज उपचार के लिए आए। जिसमें करीब 190 मरीज फीजिशियन से उपचार कराने के लिए आए थे। शेष मरीजों का उपचार करने के बाद घर भेज दिया गया। सुबह आठ बजे अस्पताल की ओपीडी खुलने के बाद से जनपद के दूर दराज क्षेत्र से आने वाले मरीज कतार में लग पर्ची कटवाते रहे।

आपातकाल में राउंड करने के बाद जब चिकित्सक अपने चेंबर में पहुंचे तो मरीजों को परामर्श दिया। आने वाले मरीजों में सबसे अधिक भीड़ फीजिशियन के चेंबर के बाहर मौजूद थे। डा. अनिल कुमार ने बताया कि बदलते मौसम बदलते मौसम के असर लोगों की सेहत पर देखने को मिल रहा है। मरीज सर्दी, खांसी, बुखार के साथ, सीने में दर्द सहित अन्य एलर्जी से ग्रसित थे। मरीजों को एंटी एलर्जिक दवा, नेबुलाइजर का इस्तेमाल करने की सलाह दिया। वही बीते तीन दिनों के भीतर जिला अस्पताल के आपातकाल में 78 मरीज उपचार कराने के लिए आए थे, इसमें करीब 28 लोग ऐसे थे, जो दुर्घटना में घायल थे। ऐसे लोग के सिर, हाथ, पैर, चेहरे, मुंह के अंदर चोट थी। साथ ही आपातकाल में सांस लेने में परेशानी के भी मरीज आए थे। ऐसे मरीजों को ड्रिप लगाकर उपचार किया गया। आपातकाल के वार्ड नंबर एक और दो में सभी मरीज भर्ती थे।

ईएमओ डा.अतुल यादव ने बताया कि अन्य दिनों की तुलना में आपातकाल में चोटिल मरीजों की संख्या अधिक थी। बताया कि अटपटा खाने से पेट में दर्द के भी मरीज आए थे। एहतियात के तौर पर मरीजों का उपचार किया गया। उपचार के बाद मरीजों को राहत मिली थी। बीते तीन फरवरी को आपातकाल में 38 मरीज आए थे, इसमें 8 घायल थे। चार फरवरी को 32 मरीज में घायलों की संख्या 4 थी। 5 फरवरी को 39 मरीज में 15 घायल थे।

## होलिका दहन विवाद में 13 लोगों पर मुकदमा, दोनों पक्षों में मारपीट

कोपागंज (मऊ)। हलधरपुर थाना क्षेत्र के मझौवा गांव में होलिका दहन के दौरान हुए विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर कुल 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल बताए जा रहे हैं।पहले पक्ष की ओर से सुभावती देवी पत्नी बेचन राजभर निवासी ग्राम मझौवा ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि 2 मार्च की रात करीब आठ बजे गांव के 15 से 20 लोग गोलबंद होकर लाठी-डंडा और धारदार हथियार लेकर उनके दरवाजे पर पहुंच गए। आरोप है कि रामकृष्ण उर्फ मुनीब पुत्र श्रीपति ने नारायण के सिर पर टांगी से वार कर दिया, जिससे वह मौके पर गिर पड़े। इसके बाद श्रीजन पुत्र रामकृष्ण ने बेचन पर टांगी से हमला कर दिया। मारपीट में बेचन, नारायण, मंजीत, हिमांशु, सुभावती, ज्योति, संजू, शिमला और प्रियंका समेत कई लोग घायल हो गए। घायलों में बेचन और नारायण के सिर पर गंभीर चोट बताई गई है।इस पक्ष की तहरीर में रामकृष्ण उर्फ मुनीब, श्रीजन, बृजेश पुत्र पुरुषोत्तम, अजय पुत्र धामा, फूलचंद्र पुत्र सवरू और भामा पुत्र शिव सहित अन्य अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है।वहीं दूसरे पक्ष से पुरुषोत्तम राम पुत्र रामदेव राम ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 2 मार्च की रात करीब नौ बजे होलिका दहन के दौरान मड़ई जलाने की बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि हिमांशु, मंजीत, बृजेश, नारायण, बेचन राजभर, सुभावती और ज्योति ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। मारपीट में बृजेश के सिर में गंभीर चोट लगने से वह बेहोश हो गए। इसके अलावा धामा, अजय और प्रीति भी घायल हो गए।तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया कि बीच-बचाव करने पहुंचे प्रधान पति रामकृष्ण राम पर भी हमला कर दिया गया, जिससे उनका हाथ टूट गया।

## सपा की मासिक बैठक, होली मिलन, 2027 चुनाव की रणनीति पर हुई चर्चा




बलिया। बैरिया विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी कार्यालय में गुरुवार को मासिक बैठक और होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। बैरिया विधानसभा अध्यक्ष दशरथ यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई।

दशरथ यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकताओं की एकजुटता और बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती ही पार्टी की मुख्य ताकत है। पदाधिकारियों और कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर जनता की समस्याओं को सुनने और पार्टी की नीतियों का प्रचार करने का आह्वान किया गया। आगामी चुनावों को देखते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने पर भी जोर दिया गया। बैठक के समापन के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसमें उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर परिसर में आपसी भाईचारे और उत्साह का वातावरण देखा गया।कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव संजय मिश्रा, सपा नेता अंगद मिश्रा, अनूप वर्मा कवि, दिनेश यादव, हरिओम यादव और उत्तम कुमार सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पुलिस लाइन बलिया में होली मिलन समारोहः डीएम-एसपी ने अधिकारियों संग फूल-गुलाल से खेली होली



बलिया,05मार्च,(देवव्रत संवाद)। पुलिस लाइन मीटिंग हॉल में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के नेतृत्व में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) दिनेश कुमार शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) कृपा शंकर, सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष, शाखा प्रभारी, पुलिस कार्यालय व लाइन के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। फूल, रंग-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दी गईं, जलपान कराया गया और होली गीतों पर जवानों ने डांस किया।

## पूर्व सैनिक व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कुबेर प्रसाद का निधन, क्षेत्र में शोक

बलिया,05मार्च,(देवव्रत संवाद)। जनपद के रसड़ा तहसील क्षेत्र के ग्राम अन्दौर, पोस्ट चिलकहर के मूल निवासी एवं भारतीय सेना के पूर्व सैनिक स्वर्गीय कुबेर प्रसाद का गुरुवार को प्रातः लगभग 08 बजे हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका इलाज भी चल रहा था। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय कुबेर प्रसाद, स्वर्गीय अमीन राम के पुत्र थे। उनके परिवार में पत्नी श्रीमती गंगाजली देवी तथा तीन पुत्र–श्री राजीव रंजन, श्री कमलेश रंजन और श्री मुकेश रंजन हैं। भारतीय सेना में सेवा देने के बाद कुबेर प्रसाद ने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभाई। वर्ष 1993 में उन्होंने रसड़ा विधानसभा सीट से जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। इसके बाद वर्ष 1996 में चिलकहर विधानसभा क्षेत्र से भी वे जनता पार्टी के उम्मीदवार रहे। कुबेर प्रसाद अपने मिलनसार स्वभाव और जनता के बीच सक्रियता के लिए जाने जाते थे। वे क्षेत्र की समस्याओं को उठाने तथा लोगों की मदद करने में हमेशा आगे रहते थे। उनके निधन से क्षेत्र के सामाजिक और राजनीतिक जीवन में अपूरणीय क्षति मानी जा रही है। उनके निधन पर परिजनों, समर्थकों और क्षेत्रीय लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## रमजान आत्मशुद्धि, सब्र और इंसानियत की सेवा का पैगाम देता है–जावेद अहमद

घोसी (मऊ), 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। स्थानीय नगर के मदापुर समसपुर स्थित एसडीएम कॉलोनी निवासी जावेद अहमद ने कहाकि रमजान इस्लामी कैलेंडर का सबसे पवित्र और बरकतों से भरा महीना है। यह केवल भूख-प्यास से दूर रहने का नाम नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, सब्र और इंसानियत की सेवा का गहरा संदेश देता है। रमजान का महीना हर इंसान को अपने भीतर झांकने, अपनी गलतियों से तौबा करने और अल्लाह से अपने रिश्ते को मजबूत बनाने का अवसर प्रदान करता है, रोजा इंसान को गुस्से पर काबू रखने, बुरी आदतों से दूर रहने और अच्छे चरित्र को अपनाने की प्रेरणा देता है। इस पवित्र महीने में लोग इबादत के साथ-साथ अपने व्यवहार को भी बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं। रमजान का सबसे अहम पहलू कुरान से गहरा जुड़ाव है। कुरान की तिलावत, तरावीह की नमाज और दुआओं के जरिए इंसान के दिल को सुकून मिलता है और जिंदगी को सही दिशा देने की सीख मिलती है। रोजा इंसान को जरूरतमंदों की तकलीफों का एहसास कराता है, जिससे जकात, सदका और खैरात की भावना मजबूत होती है। इससे समाज में आपसी सहयोग और बराबरी का भाव बढ़ता है। रमजान हमें यह भी सिखाता है कि केवल पेट का ही नहीं बल्कि आंखों, जुबान और दिल का भी रोजा होना चाहिए। इसका मकसद इंसान के पूरे किरदार को पाक और संतुलित बनाना है।महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहाकि इसे गांधीजी के शब्दों में भी समझा जा सकता है–बुरा मत देखो, बुरा मत बोलो और बुरा मत सुनो। रोजा इंसान को अच्छे विचार और नेक रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है। रमजान हमें वतनपरस्ती की भी सीख देता है, क्योंकि अपने वतन से मोहब्बत करना हर इंसान की नैतिक जिम्मेदारी है।

## डा.पीके सिंह के प्रयास से दिव्यांग को मिली नई जिंदगी

मऊ, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। एटलस हास्पिटल ऐन्ड ट्रामा सेंटर के डा. पी के सिंह ने पैर से दिव्यागं मरीज के रीढ की हड्डी टूटने के बाद सफल आपरेशन किया। आपरेशन के बाद दिव्यांग मरीज अपने पैर चलकर गया। दिव्यांग के लिए उसका पूर्व में बना आयुष्मान कार्ड बरदान साबित हुआ।

## मार्ग दुर्घटना में अधेड़ की मौत, अज्ञात वाहन चालक पर प्राथमिकी दर्ज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ), 05 मार्च (देवव्रत संवाद)।होली के दिन बुधवार को मुहम्मदाबाद गोहना मऊ रोड पर हालिमाबाद गांव के समीप मार्ग दुर्घटना में 55 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु हो गई। मृतक के पुत्र की तहरीर पर अज्ञात चार पहिया वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है वादी मुकदमा अजय कुमार पुत्र हरमल राम निवासी हालिमाबाद का कहना है कि बुधवार को उसके पिता हरमल राम दिन में 2:30 बजे बाइक से मुहम्मदाबाद गोहना से वापस घर हालिमाबाद आ रहे थे। इस दौरान गांव से 100 मीटर पहले पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात चार पहिया वाहन ने धक्का मार दिया जिससे वह सड़क पर गिर गए। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और अस्पताल ले गए लेकिन जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस बारे में कोतवाल केके वर्मा का कहना है कि मार्ग दुर्घटना में मृतक के पुत्र की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आसपास लगे सीसी कैमरे की मदद से आरोपी वाहन चालक को तलाश किया जा रहा है।

## पुलिस लाइन में जमकर लगे ठुमके



मऊ, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। पुलिस लाईन बृहस्पतिवार को पुलिसकर्मियों ने हर्षोल्लास के साथ होली पर्व मनाया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ,अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर क्रिश राजपूत, क्षेत्राधिकारी मधुबन अंजनी कुमार पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना शीतला प्रसाद पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी लाइन दिनेश दत्त मिश्र, समस्त थाना/शाखा प्रभारी व भारी संख्या में पुलिस कार्यालय एवं पुलिस लाइन के अधिकारी/कर्मचारियों ने गुलाल व रंगो से जमकर होली खेली। तथा होली के मधुर गीतों पर ठुमके लगाए।

## सिर में गंभीर चोट लगने से बुजुर्ग की मौत, हत्या का मुकदमा दर्ज

दोहरीघाट (मऊ), 05 मार्च (देवव्रत संवाद)। थाना अंतर्गत कस्बे में मंगलवार की शाम मामूली कहासुनी में हुई मारपीट में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। वहीं मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उधर, जांच के बाद शव बुधवार को घर पहुंचते कि कोहराम मच गया। देर शाम को मुक्तिधाम पर अंतिम दाह संस्कार किया गया।कस्बे के खटीक टोला निवासी 65 वर्षीय कुमार सोनकर पुत्र स्व इसरी सोनकर मंगलवार की शाम बगीचे में बैठे थे। उसी समय मनीष यादव उर्फ लाला निवासी कमला तिवारीपूरा नशे की हालत में आकर बैठ गया और शराब पीने लगा। जिसपर बुजुर्ग कुमार सोनकर ने मना करने लगे। लेकिन मना करना मनीष यादव को ठीक न लगा और जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए मारने पीटने लगा। इस दौरान सर पर ईंट से मारने पर गंभीर चोट लग गई। आनन-फानन में परिजन अस्पताल ले जाने लगे। लेकिन रास्ते मे ही मौत हो गई।



# पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्करों को लगी गोली, चार गिरफ्तार

**आजमगढ़, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)।** पुलिस ने गोतस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ों में कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इन मुठभेड़ों में दो शातिर गोतस्कर पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हो गए, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात निजामाबाद थाना क्षेत्र के नेवादा पुल के पास पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। चेकिंग के दौरान संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी।



आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें हिस्ट्रीशीटर और शातिर गोतस्कर मेराज गोली लगने से घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका साथी नासिर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने मौके से एक अवैध तमंचा (.315 बोर), दो कारतूस, बिना नंबर प्लेट की चोरी की मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन और 840 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार घायल अभियुक्त मेराज के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट और गैंगेस्टर एक्ट समेत 17 से अधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

वहीं दूसरी मुठभेड़ बृहस्पतिवार की भोर में फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुड़ियार स्थित शाहिदा सुल्ताना स्कूल के आगे पुलिया के पास हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम कौड़िया (कुंवर नदी) में प्रतिबंधित पशु अवशेष मिलने के मामले में कुछ आरोपी सक्रिय हैं। पुलिस की घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने फायरिंग कर दी, जिसके बाद हुई जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी मो. आमिर घायल हो गया। पुलिस ने मौके से कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान एक अवैध तमंचा (.315 बोर), एककारतूस, दो चापड़ और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से गोवंश पकड़कर अवैध वध करने और मांस बेचने की बात स्वीकार की है। सीओ किरन पाल सिंह ने बताया कि फरार अभियुक्त की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# छिटपुट घटनाओं के बीच धूमधाम से मनी होली

**आजमगढ़, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)।** जनपद में छिटपुट घटनाओं के बीच होली का पर्व सकुशल संपन्न हो गया। पूरे दिन लोग रंगों के साथ धमाचौकड़ी मचाते रहे। दोपहर बाद रंगों का सिलसिला थमा और उसकी जगह अबीर और गुलाल ने ले लिया। अपने मित्रों और शुभ चिंतकों के घर पहुंचकर लोगों ने अबीर लगाया और गले मिलकर होली की शुभकामना दी। इस दौरान गुझिया, नमकीन और मिठाई का लुत्फ भी उठाया। जनपद में होली और जुमे की नमाज एक ही दिन पड़ने के कारण प्रशासन पहले से ही काफी सतर्क था। इस दौरान विवाद की स्थिति न उत्पन्न होने पाए इसके लिए सभी मस्जिदों के पास पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी। प्रशासन की संजीदगी के बाद भी जनपद में इक्का-दुक्का घटनाएं हुई लेकिन कोई भी बड़ी घटना नहीं हो सकी। त्योहार के सकुशल संपन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली। बुधवार की सुबह से हुरियारों की टोली हुड़दंग मचाती हुई घरों से निकल गई। इस दौरान जो भी इस टोली की जद में आया बिना रंगे नहीं छूटा। छोटे बच्चे और महिलाओं ने भी घरों की छतों से हुड़दंगों की टोली पर रंग बरसाए। लेकिन होली की मस्ती में चूर लोगों को बरसने वाले रंगों की कोई परवाह नहीं थी। वह लोग अपनी मस्ती में ही जोगिरा गाते हुए घूमते नजर आए। हालांकि डीजे बजाने की परमीशन न मिलने के कारण बहुत से लोग उदास नजर आए लेकिन जहां भी डीजे बजता मिला वहां ठुमका लगाने से बाज नहीं आए। होली का हुड़दंग वैसे तो सोमवार की रात को होलिका दहन के बाद से ही शुरू हो गया था। इस बार चन्द्रग्रहण के कारण होली मंगलवार की की बजाय बुधवार को नगर के कई क्षेत्रों में कपड़ा फाड़ होली भी खेली गई। हालात यह थी कि कपड़ा फाड़ प्रतियोगिता में इतने युवाओं ने हिस्सा लिया कि क्षेत्र के विद्युत तार पर कपड़े ही कपड़े दिखाई दे रहे थे। इधर से जो भी गुजर रहा था उसके चेहरे तो बदरंग हो ही रहे थे साथ ही उसके कपड़े भी फाड़ दिए जा रहे थे। इसकी वजह से लोग गलियां पकड़कर भाग रहे थे। बुधवार को सुबह से ही होली की हुड़दंग शुरू हो गई थी। शहर को पुरानी सब्जी मंडी, चौक, पुरानी कोतवाली, पांडेय बाजार, बदरका आदि क्षेत्रों में युवाओं की टोली रंग बरसा रही थी। इस बीच मदमस्त लोग अपने-अपने कपड़े जहां फाड़ दे रहे थे वहीं आने-जाने वाले भी बदरंग हो जा रहे थे। टोली के जोश से कोई भी उधर से गुजरने की हिम्मत नहीं जुटा रहा था। थोड़ी ही देर में पूरा क्षेत्र के कपड़ों ही कपड़ों से पट गया। महिलाएं तो घरों से बाहर नहीं निकली। कुल मिलाकर होली का त्योहार युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा था। जो भी इस क्षेत्र से होकर उसके शरीर पर कपड़ा नहीं बचा। पुरानी कोतवाली में कपड़ों को फाड़ने के बाद बिजली के तारों पर उसे लटका दिया गया था। दोपहर तक चले रंग के बाद लोग अपने घरों को पहुंचे जहां स्नान आदि करने के बाद अपने शुभचिंतकों के घर पहुंचने को तैयार होकर निकल पड़े। देर रात तक होली मिलन का यह कार्यक्रम चलता रहा। लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाने के साथ ही गले लगाकर होली की शुभकामना दी।



# प्रेमी युगल ने किया विषाक्त पदार्थ का सेवन प्रेमिका की हुई मौत, प्रेमी हिरासत में

**अहरौला, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)।** जिले के अहरौला थाना के फुलवरिया पारा गांव में बुधवार की रात एक प्रेमी युगल ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इस घटना में प्रेमिका की मौत हो गई, जबकि प्रेमी पुलिस हिरासत में है। वही परिजन हत्या का आरोप लगा रहे है। बताया जा रहा है कि, फुलवरिया पारा गांव निवासी सरिता पुत्री सुरेश गोंड, बीए की छात्रा थी। सरिता का गांव के ही युवक दिलीप से प्रेम प्रपंच चल रहा था। कुछ दिन पहले दोनों घर से फरार हो गए थे, लेकिन बाद में घर लौट आए।



बताया जा रहा है कि होली की रात बुधवार को दिलीप ने सरिता को फोन कर बुलाया। दोनों गांव के सिवान क्षेत्र में मिलकर जहरीला पदार्थ खा गए। इसके बाद दिलीप ने अपने मित्र को बुलाया, जिसने सरिता को उसके घर के पास रास्ते पर छोड़ दिया। गुरुवार की भोर में गांव के लोग रास्ते पर अचेत पड़ी सरिता को देखकर अस्पताल ले गए, लेकिन कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। प्रेमी दिलीप की हालत ठीक है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सरिता के पिता की तहरीर पर पहले ही रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस मामले की पूरी जांच कर रही है और दोनों के घर से फरार होने के कारणों को भी खंगाल रही है। परिजनों का आरोप है कि पूर्व में दर्ज मुकदमे की रंजिश के चलते लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाया गया और उसकी हत्या कर दी गई। थानाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि युवती के पिता ने कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है, फोरेंसिक टीम साक्ष्य संकलित कर रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिसकर्मियों ने संगीत, लोकगीत व नृत्य संग खेली होली

## डीआईजी, जिलाधिकारी व एसएसपी ने दिया भाईचारे और सौहार्द का संदेश

**आजमगढ़, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)।** जनपद में होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उपरांत पुलिस लाइन आजमगढ़ में पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास के साथ होली उत्सव मनाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने रंग, अबीर और गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं तथा प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस उप- महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र सुनील कुमार सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए और पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ होली उत्सव में सहभागिता की। सभी अधिकारी व कर्मचारी रंगों में सराबोर होकर उत्सव का आनंद लेते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान संगीत, लोकगीत और नृत्य का आकर्षक आयोजन किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने होली पर्व के दौरान जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक पर्व है, जो समाज में आपसी सद्भाव और एकता को मजबूत करने का संदेश देता है। इस अवसर पर सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।



# होली पर रंग लगाने के विवाद में मारपीट, चार घायल

**तरवां, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)।** जिले के तरवा थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर भरथीपुर गांव में होली के दिन रंग लगाने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। घटना का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस घटना में चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मिली जानकारी के अनुसार मेंहनगर थाना क्षेत्र के कुछ युवक तरवा थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर भरथीपुर गांव से गुजर रहे थे। इसी दौरान रंग लगाने को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण आमने-सामने आ गए और मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना में चार लोगों के घायल हो गए है। घायलों में श्याम बली राजभर और संजना राजभर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सीओ लालगंज भूपेश पांडेय ने बताया कि दो पक्षों के बीच रंग डालने को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें मारपीट की घटना हुई। मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# महामूर्ख सम्मेलन में हास्य व्यंग की फुहारों के बीच लगे ठहाके

**आजमगढ़, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)।** श्री मारवाड़ी धर्मशाला समिति के तत्वधान में विगत वर्षों की भांति इस बार भी पुरानी सब्जी मंडी स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में बुधवार की शाम होली मिलन समारोह एवं महामूर्ख सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें मनोरंजन की दृष्टि से होली की शाम आए सभी मूर्खों की जांच शिविर लगाकर निःशुल्क मूर्खता की जांच की गई। इस रंगारंग कार्यक्रम का नगरवासियों ने हास्य और व्यंग की फुहारों के बीच परम्परा का भरपूर आनन्द उठाया। जिसमें कवियों ने काव्य पाठ के जरिए सामाजिक ताने बाने पर निशाना साधा। जिसमें पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भाजपा अखिलेश मिश्रा गुड्डू ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तो वहीं मूर्ख मण्डलीय के लोग भी मौजूद रहे। इस सम्मेलन में नामचीन कवियों में प्रयागराज से हास्य कवि बिहारी लाल 'अम्बर', बलिया से कवियित्री प्रतिभा यादव और जनपद से भौंकने वाले कवियों में झटपट जी झाड़ से, लाजकुमारी आशीर्वाद, कमलेशी जी अजीपुर से, अजय गुप्ता अज्जू , ताज आज़मी अस्पताल से, नामी जी हाल से तो कब्रिस्तान से आए अन्य कवियों ने मूर्खो के सामने अपनी हास्य व्यंग रचनाओं की ऐसी जोरदार प्रस्तुति दी कि श्रोताओ को ठहाके लगाने पर विवश कर दिया। लापता कवि एवं संचालक भो भो बलमा बरामद नहीं हो सके। कार्यक्रम का संचालन एंकर अभय तिवारी ने किया। इन सभी के मंच पर पहुंचते ही समिति द्वारा पारंपरिक रीति से सब्जियों कि माला से माल्यार्पण और विशिष्ट टोपी पहना कर स्वागत किया गया। जिसके बाद हास्य कवियों ने अपने काव्य पाठ के जरिए लोगों के मूर्खता की जांच की। कार्यक्रम आयोजक श्याम सुंदर डालमिया ने बताया कि प्रख्यात कवि रहे सूंड फैजाबादी द्वारा बुरा न मानो होली है के तर्ज पर इस सम्मेलन की शुरूआत की गई थी, तभी से होली पर्व के मौके पर वर्षों से यह आयोजन मारवाड़ी धर्मशाला समिति द्वारा किया जाता रहा है। इस दौरान धर्मशाला समिति के अशोक खंडेलिया, संदीप सराफ, राजीव डालमिया एवं अनिल रूंगटा, भोलानाथ जालान, अजित रूंगटा, मनोज खेतान, विष्णु रूंगटा, अविनाश जालान आदि उपस्थित रहे।



# होली के दिन फायरिंग कर दहशत फैलाने के आरोप में 5 गिरफ्तार

**आजमगढ़, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)।** होली के दिन हुई फायरिंग की घटना में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक लाइसेंसी राइफल भी बरामद की है। मामला शहर कोतवाली थाना क्षेत्र का है, जहां गाली-गलौज के विवाद के बाद जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई थी। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के हीरापट्टी इलाके में होली के दिन करीब तीन बजे पीड़ित अपने एक मित्र के साथ घर के सामने खड़ा होकर बातचीत कर रहा था। उसी दौरान गांव के कुछ लोग वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर विवाद और बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान एक आरोपी ने गनर की लाइसेंसी राइफल लेकर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे, जिसके बाद सभी आरोपी धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियो की तलाश में जुट गई। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चार मार्च की देर ब्रह्मस्थान से हीरापट्टी जाने वाले मार्ग स्थित डीह बाबा के पास से अजय कुमार राव पुत्र बाबूराम निवासी हीरापट्टी को गिरफ्तार किया। इसके बाद 5 मार्च की सुबह प्राइवेट बस स्टैंड के पास से अन्य चार आरोपी रिशु यादव पुत्र रामाश्रय यादव, आजाद अहमद उर्फ बिट्टू पुत्र सकिल अहमद, शशिकांत राय पुत्र जयप्रकाश राय निवासी बरसया थाना बरदह और अमित कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी हीरापट्टी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लाइसेंसी राइफल भी बरामद की है। वहीं गिरफ्तार आरोपियों में अजय कुमार राव पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट और आबकारी अधिनियम समेत विभिन्न धाराएं शामिल हैं। शशिकांत राय पर भी पूर्व में छेड़खानी, चोरी और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज रहा है। रिशु यादव पर आबकारी अधिनियम सहित एक अन्य मुकदमा दर्ज है, जबकि आजाद अहमद उर्फ बिट्टू और अमित कुमार का नाम भी इसी प्रकरण में सामने आया है।



# बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**अहरौला, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)।** अहरौला थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अहरौला थाना क्षेत्र के लेदौरा (बलुवहवा) गांव निवासी धनंजय निषाद (24) पुत्र स्वर्गीय रन्नू निषाद बुधवार की शाम करीब छह बजे अपनी बाइक से घरेलू सामान लेने बस्तीभुजबल बाजार गए थे। बाजार से सामान लेकर वापस घर लौटते समय टीपीएस विद्यालय के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में धनंजय निषाद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन उन्हें तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल आजमगढ़ ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की मां कुमारी देवी ने अहरौला थाने में तहरीर देकर विधिक कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि धनंजय निषाद तीन बहनों का इकलौता भाई था। उसके पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। कुछ दिन पहले ही उसकी सगाई हुई थी और जल्द ही उसकी शादी होने वाली थी। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। मृतक की मां और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# अल-फलाह फाउंडेशन के संस्थापक जाकिर हुसैन की मां का निधन

**फूलपुर, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)।** मरीजों को मुफ्त रक्त उपलब्ध कराने वाली प्रसिद्ध संस्थाअल-फलाह फाउंडेशन (ब्लड डोनेट ग्रुप) के संस्थापक जाकिर हुसैन की माता का कल निधन हो गया। माता का स्वभाव नेक, मिलनसार और सरल था। उनके परिवार में चार बेटे और चार बेटियां हैं। जाकिर हुसैन अपने भाई-बहनों में सबसे छोटे हैं। लेकिन कम उम्र में ही उन्होंने समाज सेवा के क्षेत्र में व्यापक कार्य किया और यह साबित कर दिया कि उनकी माता ने उन्हें सर्वोत्तम और सदाचारी मार्ग पर पाला था। जाकिर हुसैन ने अपनी माता के निधन के तुरंत बाद रमजान के महीने में एक मरीज को रक्तदान किया। इस अवसर पर जाकिर हुसैन ने लोगों से अपनी माता के लिए दुआ करने का अनुरोध किया है। उनके पिता मोहम्मद हुसैन उर्फ पठन खान का पहले ही निधन हो चुका है।

# पुरानी जेल परिसर स्थित मंदिर की सफाई में जुटा भारद

**आजमगढ़, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)।** नगर क्षेत्र की पुरानी जेल परिसर में स्थित हनुमान जी और शिव जी के मंदिर की उपेक्षा और कूड़े से पटे होने की सूचना पर भारत रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने होली के दिन से सफाई अभियान शुरू किया। दूसरे दिन भी कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर से कूड़ा हटाकर साफ-सफाई का कार्य जारी रखा। संगठन के कार्यकर्ताओं ने बताया कि मीडिया के माध्यम से उन्हें मंदिर की उपेक्षित और लावारिस स्थिति की जानकारी मिली। उन्हें लगा कि यह मंदिर सेवा की पुकार कर रहा है। भगवान भोलेनाथ और बजरंग बली की प्रेरणा से उन्होंने मंदिर की दशा सुधारने का संकल्प लिया और अपनी सामर्थ्य के अनुसार सेवा कार्य आरंभ कर दिया। उनका कहना है कि ईश्वर की कृपा से कुछ ही दिनों में यहां सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देगा। इस अवसर पर उपस्थित भारत रक्षा दल के अध्यक्ष हरिकेश विक्रम ने बताया कि पुरानी जेल के इटौरा स्थानांतरित होने के बाद संगठन ने मांग, आंदोलन और धरना-प्रदर्शन कर यह आग्रह किया था कि नगर के केंद्र में स्थित इस सुरक्षित स्थान पर एक बड़ा और सुंदर पार्क बनाया जाए। तत्कालीन जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने इस मांग को उचित बताते हुए शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजा था और लगभग 3 करोड़ 87 लाख रुपये पार्क निर्माण हेतु स्वीकृत होने की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि उस समय जनता में खुशी का माहौल था, लेकिन जिलाधिकारी के स्थानांतरण के बाद मामला अटक गया। बाद में संगठन ने प्रशासन से अनुरोध किया कि जब तक पार्क का निर्माण नहीं होता, तब तक परिसर की साफ-सफाई और देखरेख की जिम्मेदारी उन्हें दी जाए ताकि इसे अस्थायी रूप से पिकनिक स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। उनका तर्क था कि लोग जेल परिसर को देख सकेंगे और बच्चों को बैरक आदि दिखाए जा सकेंगे। हालांकि, प्रशासन ने यह कहते हुए अनुमति नहीं दी कि परिसर में कई कीमती खिड़की-दरवाजे हैं, जिनके चोरी होने की आशंका है। संगठन का आरोप है कि अब वहां एक भी दरवाजा या खिड़की शेष नहीं है। लोहे और लकड़ी का सामान गायब हो चुका है और मंदिर में स्थापित शिवलिंग भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। संगठन के अनुसार, जो भी सामग्री बेचने योग्य थी, उसे तोड़कर हटा दिया गया है। उनका कहना है कि भोलेनाथ और बजरंग बली की प्रेरणा से वे यहां सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।



# मस्जिद पर रंग फेंक कर अराजकता फैलाने की किया कोशिश

**फूलपुर, 05 मार्च (देवव्रत संवाद)।** माहुल बाजार के शिवा जी मेन चौक पर बुधवार को होली खेलते हुए शरारती तत्वों ने मस्जिद के मुख्य द्वार पर रंग फेक दिया जिससे एक पक्ष के लोग आक्रोशित हो गए। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी माहुल कुमार यश सिंह पटेल और सब इंस्पेक्टर श्यामकुमार दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर लोगों को समझा-बूझा कर शांत कराया। माहुल नगर के शिवा जी मेन चौक पर कई वर्षों से परंपरागत तरीके से लोग होली का हुड़दंग करते है और कपड़ा फाड़ होली खेलते है। इसी बीच अज्ञात शरारती तत्वों ने यहां स्थित जामा माजिद के गेट पर रंग और मस्जिद के ऊपर गंदा कपड़ा फेक दिया। जैसे ही इसकी सूचना अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को हुई वे आक्रोशित हो गए और सैकड़ों की संख्या में इकठ्ठा होने लगे। सूचना मिलती ही चौकी प्रभारी माहुल यश सिंह पटेल और सब इंस्पेक्टर श्याम कुमार दुबे भारी फोर्स के साथ वहां पहुंच गए और किसी तरह आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया।